## जल जीवन मिशन ने बदल दी पूर्वांचल की तस्वीर, 93% घरों में पहुंचा नल से जल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जल जीवन मिशन से पूर्वांचल के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक विकास और सामाजिक समरसता के क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। वाटर एड इंडिया और दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि द्वारा किए गए संयुक्त अध्ययन में यह दावा किया गया है। अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवी संगठन वाटर एड इंडिया और दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि के जियोग्राफी डिपार्टमेंट द्वारा योजना का प्रभाव जानने के लिए पूर्वांचल के गोरखपुर, कुशीनगर और महाराजगंज में पांच-पांच गांवों का सर्वे किया गया है। तीन महीने तक समूह चर्चा, साक्षात्कार किए गए। अध्ययन की रिपोर्ट के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों के 93 प्रतिशत घरों में नल से जल पहुंच रहा है।

## आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर बाद अचानक आकाशीय बिजली गिरने से खेत में धान की रोपाई कर रहा एक किसान बुरी तरह झुलस गया। जबकि उसकी पत्नी सहित परिवार के 4 लोग बेसुध होकर जमीन पर गिर गए। बाद में होश आने पर उन्होंने किसान को बंथरा स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बिजनौर के परवर पूरब स्थित हिम्मत खेड़ा गांव निवासी राजेश कुमार वर्मा (54) शनिवार को अपनी पत्नी श्याम दुलारी, बेटा रवि कुमार व शिवम कुमार और बेटी रागिनी के साथ गांव के बाहर अपने खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। राजेश खेत में एक जगह, जबकि परिवार के अन्य सदस्य थोड़ी दूरी पर धान की बेढ़ लगा रहे थे। तभी दोपहर बाद करीब 3 बजे अचानक आकाशीय बिजली गिरने से राजेश बुरी तरह झुलस गया। जबकि उसकी पत्नी व बच्चे बेसुध हो गए। कुछ देर बाद उन्हें होश आया तो उन्होंने बुरी तरह झुलसे पड़े किसान राजेश को आनन फानन बंथरा स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने किसान राजेश को मृत घोषित कर दिया। बाद में इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है। उधर इस सम्बन्ध में महाराजा बिजली पासी जन सेवा कल्याण समिति के अध्यक्ष सुंदरलाल रावत ने कहा है कि आकाशीय बिजली गिरने से किसान की हुई मौत को लेकर एसडीएम सरोजनीनगर से आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की जाएगी। इसके साथ ही संस्था द्वारा पीड़ित परिवार की हर संभव आर्थिक मदद की जाएगी।

# पुलिस को चकमा देकर हिरासत से भागने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ एयरपोर्ट से बुधवार को गुजरात पुलिस को चकमा देकर हिरासत से भागा साइबर क्राइम का आरोपी मध्य प्रदेश के इंदौर में पकड़ा गया है। गुजरात पुलिस ने उसे सर्विलांस सेल की मदद से शुक्रवार शाम गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब हो कि गुजरात के व्यारा तापी स्थित साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन के अपराध संख्या 005/2025 की जांच के सिलसिले में सब इंस्पेक्टर धीरज राघव भाई बथवार अपनी टीम के साथ मंगलवार को आरोपी की तलाश में लखनऊ आए थे। उन्होंने पीजीआई पुलिस स्टेशन से संपर्क कर उसकी मदद से पीजीआई के वृंदावन कॉलोनी स्थित आकाश एंक्लेव में रहने वाले आरोपी अर्श उर्फ हर्ष को उसके घर से पकड़ लिया। इसके बाद गुजरात ले जाने और उसका ट्रांजिट रिमांड प्राप्त करने के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट लखनऊ के सामने पेश किया। जहां से 11 जुलाई को शाम 4 बजे तक का ट्रांजिट रिमांड मंजूर हुआ। उसे व्यारा तापी अदालत में पेश करना था। इसलिए वह अपनी टीम के साथ उसे इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट (6I 142) से गुजरात ले जाने के लिए अगले दिन सुबह बुधवार को लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पहुंचे। जहां चेकिंग के दौरान वॉशरूम जाने की बात कह कर आरोपी अर्श फरार हो गया था। तब इस मामले में पुलिस सब इंस्पेक्टर धीरज राघव भाई ने सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद गुजरात पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस सर्विलांस सेल की मदद से आरोपी अर्श को तलाश रही थी, तभी उसकी लोकशन मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में मिली। लोकेशन मिलने के बाद पहुंची गुजरात पुलिस टीम को आरोपी अर्श इन्दौर शहर में हत्थे चढ़ गया। जहां पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि वह लखनऊ एयरपोर्ट से भागने के बाद कैब द्वारा आलमबाग बस स्टेशन पहुंचा। जहां से बस के जरिए बाराबंकी और बाराबंकी से झांसी, फिर झांसी से मध्य प्रदेश के इंदौर शहर जा पहुंचा। पुलिस सूत्रों की माने तो आरोपी अर्श को लखनऊ से इंदौर तक भगाने में एक युवती ने उसकी मदद की। जिसके जरिए ही वह गुजरात पुलिस की हिरासत से भाग कर बाराबंकी व झांसी होते हुए इंदौर पहुंच गया। फिलहाल गुजरात पुलिस ने आरोपी हर्ष को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बांस से केबिल हिला रहे युवक की करंट की चपेट में आने से मौत

अमन लेखनी समाचार



मृतक फाइल फोटो

लखनऊ। घर में बिजली न आने के कारण युवक बिजली के खंभे में लगे केबिल को बांस से हिलाकर सही कर रहा था। तभी वह करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे आनन फानन सीएचसी लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम तरौना निवासी अंकित उर्फ अजय (26) शनिवार सुबह घर के सामने लगे बिजली के खंभे से जुड़े केबिल को बांस से हिलाकर सही कर रहा था। तभी युवक करंट की चपेट में आ गया। परिजनों ने पावर हाउस पर फोनकर बिजली बंद करानी चाही, लेकिन वहां किसी ने फोन नहीं उठाया। परिजन युवक को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि घर में कई दिन से बिजली की आवाजाही थी। इसकी शिकायत विद्युत उपकेन्द्र पर की गई, लेकिन कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा।

अगर कोई कर्मचारी मौके पर पहुंच जाता तो मेरे बेटे की जान जान नहीं जाती। मृतक के परिवार में माता मुन्नी देवी, भाई जितेन्द्र, दीपक, गोलू, पीयूष, बहन दीपांशी, निधी है। जिनका रो रो कर बुरा हाल है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

हादसा

अमन लेखनी समाचार



मृतक सुनील फाइल – फोटो

लखनऊ। रहीमाबाद हॉस्पिटल जा रहे बाइक सवार को एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जा रहे थे। जहां उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सिसवारा निवासी सुनील (25) शनिवार शाम साढ़े 7 बजे वह बाइक से सवार होकर घर से रहीमाबाद जानवी हॉस्पिटल में भर्ती अपनी चाची को खाना देने जा रहा था। तभी रहीमाबाद थाना क्षेत्र के रहटा गांव में एल एन स्कूल और धर्म कांटा के पास तेज रफ्तार किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जा रहे थे। जहां उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

मृतक के परिवार में माता रजनी, पत्नी खुशबू है जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक सुनील अन्य प्रदेशों में रहकर मजदूरी करता था। उसी से परिवार का खर्च चलाता था।

इस संबंध में रहीमाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद द्विवेदी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पिता की तहरीर पर अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी के माध्यम से वाहन की तलाश की जा रही है।

# आठ नहीं 15-16 घंटे बस चलाते हैं रोडवेज के ड्राइवर, बोले- परिवार चलाना है, मजबूरी है

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। ड्राइवरों के आठ घंटे से अधिक ड्यूटी करने के मामले में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के सवाल उठाने से यात्रियों की सुरक्षा को लेकर बहस शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के ड्राइवर भी दिन में 15 से 16 घंटे तक ड्यूटी कर रहे हैं, जो दुर्घटनाओं की बड़ी वजह है।

चालकों का कहना है कि परिवार चलाने के लिए अधिक समय तक बस चलाने की मजबूरी है। दैनिक जागरण से बातचीत में कैसरबाग बस अड्डे पर लखीमपुर डिपो की बस यूपी 31 टीबी 8034 के चालक विनोद मिश्रा ने कहा कि रोजाना 12 से 14 घंटे बस चलाते हैं। संविदा चालकों का वेतन किलोमीटर के हिसाब से तय होता है।

इसी तरह साहिबाबाद डिपो की बस यूपी 78 जेटी 3638 के चालक सुधीर कहते हैं कि सुबह छह बजे घर से निकलते हैं और रात नौ बजे तक घर पहुंच पाते हैं। इस तरह प्रतिदिन 15 घंटे तक बस चलाते हैं। बदायूं डिपो की बस यूपी 78 एचटी 4044 के चालक सूर्य प्रताप सिसोदिया ने कहा, परिवार पालने के लिए 15 से 16 घंटे बस चलाना मजबूरी है।

कैसरबाग डिपो की बस यूपी 34 टी 9464 के चालक संजीव कुमार गुप्ता कहते हैं कि महीने में 15 दिन गाड़ी चलानी होती है। हर एक दिन छोड़कर बस चलाते हैं। दरअसल परिवहन निगम में कार्यरत ड्राइवरों व कंडक्टरों पर मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर्स एक्ट 1961 लागू होता है। एक्ट के अनुसार साढ़े तीन घंटे बस चलाने के बाद आधे घंटे का ब्रेक लेना है और फिर साढ़े तीन घंटे के बाद तीस मिनट का ब्रेक लेना है। इसके बाद नौ घंटे विश्राम के बाद ही बस का संचालन करना है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का कहना है कि प्रदेश में अब जो भी नया डिपो बनेगा, वहां पर ड्राइवरों व कंडक्टरों के रुकने की भी व्यवस्था होगी, ताकि वह आराम कर सके और बसों का संचालन बेहतर हो सके। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश महामंत्री गिरीश चंद्र मिश्र ने कहा है कि ड्राइवर प्रतिदिन करीब 300 किलोमीटर बस चलाते हैं, उन्हें न्यूनतम मजदूरी दी जाए तभी दुर्घटनाएं कम होंगी।

### कुछ बड़े बस हादसे

सात मार्च 2023 को चारबाग डिपो की बस संख्या यूपी 41 एटी 2248 भोर में 4:50 बजे गोरखपुर से लौटते समय भुररिया गांव के पास ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ गई थी।

22 मार्च 2023 को गोरखपुर से ही वापस आते समय बस संख्या यूपी 33 टी 9639 जलालपुर गांव के पास सुबह साढ़े पांच बजे खड़े ट्रेलर से टकरा गई थी।

30 मार्च 2023 को गोरखपुर मार्ग पर ही सुबह छह बजे चारबाग डिपो की ही बस संख्या यूपी 33 एटी 2824 बस्ती जिले के छावनी गांव के पास ट्रैक्टर से भिड़ गई थी।

## ट्रेन के आगे कूदकर रिक्शा चालक ने की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार



मृतक ज्ञानेंद्र फाइल – फोटो

लखनऊ। घर से निकले ई रिक्शा चालक ने ट्रेन के आगे कूद कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर कर ली स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ससपन निवासी ई रिक्शा चालक ज्ञानेंद्र पाल (32) ने शनिवार सुबह घर से चार किलोमीटर दूर रहीमाबाद स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक ज्ञानेंद्र पाल के परिजनों ने बताया कि बीते शुक्रवार को मृतक ज्ञानेंद्र बाइक लेकर कहीं जाने की बात कह कर घर से निकला था। और उसी दिन शाम को वह बगैर बाइक के वापस घर लौटा परिजनों ने बाइक के बारे में जानकारी ली तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। और शनिवार सुबह किसी को बिना बताए घर से बाहर निकल गया था। जिसके बाद उसने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। इससे पहले युवक का सड़क हादसे में एक्सीडेंट हो गया था जिसमें उसका पैर चोटिल हो गया था।

मृतक के परिवार में पत्नी कुसुमा देवी, दो बेटे नितिन और रितिक, एक बेटी कोमल है, जिनका रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर आनंद द्विवेदी ने बताया कि पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## हाईवे पर ट्रैक्टर ट्राली में घुसी डीसीएम, डीसीएम चालक घायल



हाईवे पर क्षतिग्रस्त खड़ी डीसीएम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शनिवार दोपहर को मलिहाबाद थाना क्षेत्र के सहिलामऊ सन्यासीबाग के बीच हरदोई लखनऊ राजमार्ग पर बने अंडरपास के ऊपर डीसीएम और ईंट लदी ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर हो गई। दोनों वाहन लखनऊ की ओर जा रहे थे। हादसे में डीसीएम का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। डीसीएम चालक डीसीएम के केबिन में ही घायल होकर फंस गया। ग्रामीणों ने किसी तरह खिड़की तोड़कर कड़ी मशक्कत के बाद काफी देर बाद उसे निकाल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल डीसीएम चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। घायल डीसीएम चालक की पहचान दिल्ली प्रदेश के राजेपुरी कृष्णा नगर निवासी अर्जुन कुमार के रूप में हुई है। ट्रैक्टर चालक मौके से ईंटों से भरा ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर भाग निकला। वहीं मलिहाबाद पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है।

# कर्मचारियों को ईएसआइसी में पंजीकरण का मौका, 31 दिसंबर तक रहेगी सुविधा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : अगर आप किसी कंपनी या फैक्ट्री में काम करते हैं और अब तक कर्मचारी राज्य बीमा योजना (ईएसआइसी) के तहत पंजीकृत नहीं हैं, तो मौका है। ईएसआइसी ने ह्यस्प्रीह्ल (नियोक्ता व कर्मचारी के पंजीकरण के लिए सरलीकृत प्रक्रिया) योजना शुरू की है। एक जुलाई से शुरू यह योजना 31 दिसंबर तक चलेगी। जिन नियोक्ताओं ने अब तक अपने कर्मचारियों को बीमा योजना में नहीं जोड़ा है, वे इस दौरान बिना किसी जांच या सजा के पंजीकरण करवा सकते हैं। नियोक्ता अपनी फैक्ट्री या कंपनी और वहां काम करने वाले कर्मचारियों को ईएसआइसी पोर्टल, श्रम सुविधा पोर्टल या एमसीए पोर्टल के जरिये आनलाइन पंजीकृत कर सकते हैं। नियोक्ता जिस तारीख को पंजीकरण घोषित करेगा, उसी दिन से उसे योजना में शामिल माना जाएगा। पंजीकरण से पहले की अवधि का कोई अंशदान या लाभ नहीं देना होगा। इस दौरान कोई जांच-पड़ताल या दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी, भले ही पहले पंजीकरण योग्य रहे हों। इस योजना का मकसद है कि जो भी फैक्ट्री, कंपनी या अन्य प्रतिष्ठान अभी तक ईएसआईसी के दायरे में नहीं आए हैं, वे आगे आकर पंजीकरण कराएं। ईएसआईसी योजना के तहत पंजीकृत कर्मचारियों को न सिर्फ स्वास्थ्य बीमा का फायदा मिलता है, बल्कि बीमार पड़ने, दुर्घटना या मातृत्व जैसी स्थिति में भी आर्थिक मदद मिलती है। इसके साथ ही मृत्यु होने की स्थिति में आश्रितों को पेंशन जैसी सहायता भी दी जाती है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम भारत में एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा संगठन है जिसकी स्थापना संगठित क्षेत्र के श्रमिकों और कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को व्यापक लाभ प्रदान करने के लिए की गई है। ईएसआइसी अधिनियम, 1948 के तहत स्थापित, इसका उद्देश्य कर्मचारियों को बीमारी, मातृत्व, विकलांगता या रोजगार से संबंधित चोटों के कारण मृत्यु के समय वित्तीय संकट से बचाना है। नियोक्ता और कर्मचारी ईएसआईसी कोष में योगदान करते हैं, और बदले में, बीमाकृत व्यक्तियों को कई प्रकार की चिकित्सा, नकद और अन्य लाभ प्राप्त होते हैं। ईएसआईसी देश भर में अस्पतालों, औषधालयों और चिकित्सा सुविधाओं का एक विशाल नेटवर्क संचालित करता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि बीमित व्यक्तियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों। सरल शब्दों में ईएसआईसी एक ऐसा कार्यक्रम है जो भारत में कर्मचारियों को जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने में मदद करता है। यह उनके स्वास्थ्य की रक्षा करता है और उनके परिवारों को सहारा प्रदान करता है।

# कांग्रेस का नया हथियार! आरटीआई के माध्यम से सरकार की पोल खोलने की तैयारी

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। कांग्रेस राज्य सरकार को घेरने के लिए सूचना का अधिकार (आरटीआइ) अधिनियम को हथियार बनाएगी। सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए पार्टी ने पदाधिकारियों व कार्यकताओं को विभिन्न विभागों से आरटीआइ से सूचनाएं जुटाने का निर्देश दिया है। प्रदेश मुख्यालय में सूचना का अधिकार विभाग (आरटीआइ) की लखनऊ इकाई की कार्यशाला में पदाधिकारियों को 10-10 आरटीआइ लगाने का लक्ष्य दिया गया। जल्द अन्य जिलों में भी कार्यशालाओं का आयोजन होगा। कार्यशाला में राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि यह कानून कांग्रेस सरकार ने दिया था, जो भ्रष्टाचार को उजागर करने का बहुत सशक्त माध्यम है। पदाधिकारी व कार्यकर्ता इसके महत्व को समझें और 10-10 आरटीआइ दाखिल कर सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खोलने का प्रयास करें। राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेन्द्र राजपूत ने कहा कि आरटीआइ के माध्यम से विभिन्न मुद्दों पर सरकार की जवाबदेही तय करने का प्रयास करें। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार आरटीआइ कानून को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। इसके लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। कार्यशाला में पदाधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आरटीआइ एक्टिविस्ट देवेशमणि त्रिपाठी ने इसके उपयोग का तरीका बताया गया। कार्यशाला को सूचना का अधिकार विभाग के चेयरमैन पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. अमित उठवाल, प्रदेश महासचिव कीर्ति प्रकाश पांडेय, पूर्व मंत्री राज बहादुर, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी व अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

## चोरों ने बंद घर को निशाना बनाकर गहने और नगदी किया पार, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर में करीब एक माह पहले चोरों ने बंद घर को निशाना बनाकर कीमती गहने और हजारों रुपए की नगदी पार कर दी। जानकारी होने के बाद पीड़ित महिला ने शुक्रवार को मामले की रिपोर्ट दर्ज करायी है ।सरोजनी नगर के हीरालाल नगर निवासी प्रमिला देवी के मुताबिक बीती 16 जून की रात करीब 11 बजे वह अपने परिवार के साथ काशी विश्वनाथ दर्शन करने बनारस गई थी। 18 जून की सुबह करीब 5:30 बजे परिवार के साथ वापस लौटी तो देखा गेट का ताला नहीं था। अंदर पहुंचने पर गैलरी और कमरे के ताले टूटे होने के साथ कीमती गहने और 15 हजार रुपये की नगदी गायब मिली। पीड़िता का कहना है कि जाते समय उसने पौधों में पानी डालने के लिए बाहरी गेट के ताले की चाबी सामने रहने वाले रितिक कुमार को दे गयी थी। जबकि अंदर की चाबी अपने साथ ले गए थे। पीड़ित ने संदेह जताते हुए आरोप लगाया है कि रितिक और उनके घर वालों ने ही चोरी किया है। पीड़ित ने रितिक व उसके घर वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल सरोजनी नगर पुलिस ने पीड़ित प्रमिला की तहरीर पर शुक्रवार शाम रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के सहारे आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# 'ढाबा संचालक कोई ऐसा काम न करें...', डीजीपी राजीव कृष्ण ने दी चेतावनी; बनाई गईं 60 पुलिस चौकियां

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा प्रबंधों की लगातार समीक्षा की जा रही है। डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा है कि ढाबा संचालक कोई ऐसा काम न करें, जिससे कांवड़ यात्रा की भावना आहत हो। ऐसा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। कांवड़ यात्रा की आड़ में कहीं कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों से भी सख्ती से निपटा जाएगा।

ढाबा व खाद्य सामग्री से जुड़ी दुकानों के लिए स्पष्ट कानूनी स्थिति है। खाद्य एवं सुरक्षा विभाग इसकी अधिकृत एजेंसी है और उनकी टीमें लगातार ढाबों, आश्रय स्थलों व कैंप की चेकिंग कर रही हैं। पुलिस समन्वय, सहयोग व सुरक्षा के लिए उन टीमों के साथ है।


कोई व्यक्ति यदि खुद ऐसा करने का प्रयास करता है तो वह गलत है। डीजीपी ने कहा कि यदि कहीं ठीक ढंग से खाना न बनने अथवा ऐसी अन्य कोई शिकायत है तो उसकी जानकारी संबंधित अधिकारी को दें। जिससे उसकी जांच हो सके। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश है कि कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व श्रद्धालुओं की सुविधा से कोई समझौता नहीं होगा।

डीजीपी ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान सात स्तरीय सुरक्षा-व्यवस्था में तकनीक का भी भरपूर उपयोग किया जा रहा है। लगभग 40 हजार सीसीटीवी कैमरों व 400 ड्रोन की मदद से निगरानी की जा रही है। पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआइ) बेस्ड ड्रोन का भी प्रयोग हो रहा है, जिनकी फीड पुलिस मुख्यालय व जोनल मुख्यालयों को प्राप्त हो रही है। इनकी मदद से अधिक भीड़ वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां पूरी सतर्कता बरती जा रही है। हर एक किलोमीटर बीट बनाकर बाइक पर दो पुलिसकर्मियों को मुस्तैद किया गया है। जो नियमित बीट पेट्रोलिंग कर रहे हैं। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर 60 पुलिस चौकियां भी स्थापित कराई गई हैं। प्रत्येक शिवालय पर भी पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

कांवड़ यात्रा की सुरक्षा में एटीएस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल व क्यूआरटी तैनात हैं। महाकुंभ की तर्ज पर कांवड़ यात्रा व शिव मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए डीजीपी मुख्यालय में मार्डन कंट्रोल रूम बनाया गया है। खासकर एंटी ड्रोन के साथ टीथर्ड ड्रोन की मदद से रियल-टाइम वीडियो फीड लेकर माडर्न कंट्रोल रूम से 24 घंटे मानीटरिंग की जा रही है। इंटरनेट मीडिया पर भी कड़ी नजर है।

## बिजली कर्मियों के आंदोलन में अब परिवार भी कूदे, निजीकरण के खिलाफ होगा सत्याग्रह

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के निर्णय के खिलाफ आंदोलित बिजली कर्मियों के आंदोलन में अब उनके परिवार के सदस्य भी शामिल होंगे। बिजली कर्मियों के परिवार के सदस्य जल्द ही निजीकरण के खिलाफ सत्याग्रह शुरू करेंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने कहा है कि निजीकरण में आ रही वैधानिक अड़चनों से बौखलाया पावर कारपोरेशन प्रबंधन दमन और भय का वातावरण बना रहा है। आरोप लगाया है कि प्रबंधन ने हजारों बिजली कर्मचारियों का उत्पीड़न की दृष्टि से दूरदराज के जिलों में स्थानांतरण करने के साथ ही संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारियों पर आय से अधिक संपत्ति मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। दमन के तहत बिजलीकर्मियों के घर स्मार्ट मीटर लगाने की कार्यवाही शुरू की गई है। पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण शुरूआत है, इनका निजीकरण हो जाने के बाद पूरे प्रदेश में बिजली का निजीकरण करने में कोई समय नहीं लगेगा।

## संक्षेप

### धान रोपते वक्त आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

बांगरमऊ, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के अलौलापुर गांव में धान की रोपाई के दौरान बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई, हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।जानकारी के अनुसार, अलौलापुर गांव निवासी रमाकांत के खेत में धान की रोपाई का कार्य चल रहा था।इसमें रमाकांत का 22 वर्षीय बेटा राहुल मेंढ़ बांध रहा था ।इसी दौरान अचानक तेज गर्जना के साथ बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आकर युवक झुलस गया।इस दौरान पिता दूसरे खेत में धान रोपाई के लिए बेढ लेने गया था.खेत में भरे पानी में युवक को तड़पता देख दूसरे खेत में काम कर रहे युवक ने अन्य लोगों को बताया.लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी.सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।वही कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया आसमानी बिजली गिरने से हादसा होना बताया जा रहा.मौत के कारणों का पता लगाने के शव पोस्टमार्टम भेजा गया है।

### स्वास्थ्य एवम जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

उन्नाव। कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय उन्नाव द्वारा निदेशक सौम्या पाण्डेय और सी एम ओ बबिता कुमारी कानपुर जोन के निर्देश पर निःशुल्क स्वास्थ्य एवम जागरुकता कैम्प का आयोजन, उन्नाव हाईवे स्थित जी कॉलेज ऑफ फामेर्सी में हुआ। औषधालय के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ विनय सिंह के संयोजन में मेडिकल अफसर डॉ आशीष यादव ने बड़ी संख्या में मरीजों की जांच और परामर्श के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की। औषधालय की ओर से शिखा गौतम, सुनील कुमार, प्रदीप त्रिपाठी आदि ने ब्लड प्रेशर, शुगर व अन्य जांचे करने और फ्री दवा वितरित करने का काम किया। जी कॉलेज के ओर से डायरेक्टर डॉ पी के जैन और फैकल्टी मेंबर्स चंद्र प्रकाश पाठक व सौरभ ने औषधालय टीम का हौसला बढ़ाते हुए डॉ आशीष यादव को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।कॉलेज के फाउंडर कुमार अक्षय ने कहा कि इस तरह के जन हितकारी कैम्प समय समय पर लगते रहने चाहिए। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के जनपदीय उप सभापति डॉ मनीष सिंह सेंगर का सहयोग रहा।लगभग 3 घंटे चले कैम्प के समापन पर डायरेक्टर डॉ पी के जैन ने सभी के प्रति आभार जताते हुए अगले माह फिर ऐसे शिविर के आयोजन हेतु आवाहन किया।

### जूते के फीते से बने फंदे के सहारे लटकता मिला किशोर का शव

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 14 वर्षीय किशोर का घर के कमरे के अंदर जूते के फीते से बने फंदे से शव लटकता देख परिजनो के होश उड़ गए परिजनो ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया कोतवाली क्षेत्र के मिजार्पुर गांव निवासी रोहित 14 वर्ष पुत्र अशोक का घर के कमरे के अंदर जूते के फीते बने फंदे से शव लटका मिला ग्रामीणों में चर्चा है किशोर से पशुओं को जंगल में चराने के लिए परिजनो ने कहा था न जाने पर परिजन उसे डाट फटकार दिया था शायद वो नाराज होकर ऐसा कदम उठा लिया पुलिस को बगैर सूचना दिए परिजन शव को परियर घाट लेकर चले गए मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण तिवारी ने बताया कि कोई सूचना अभी तक मिली नहीं हैं।

# तेज बारिश के चलते कई मोहल्लों में हुआ जल भराव

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।शहर में हुई तेज बारिश ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। एबी नगर और जामा मस्जिद रोड पर जलभराव की स्थिति बन गई है। सड़कों पर कई फीट पानी भर जाने से आवागमन बाधित हो गया है।वाहन चालक गड्ढों और छिपे हुए मैनहोल के कारण दुर्घटना के जोखिम का सामना कर रहे हैं। स्थानीय बाजारों में स्थिति और भी चिंताजनक है। सड़क किनारे की दुकानों में पानी घुस गया है। कई दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठान बंद करने पड़े हैं।इससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है।स्थानीय निवासी रहमत अली ने बताया कि हर बारिश में यही स्थिति बनती है। पानी भरने से ऑफिस और जरूरी कामों में देरी होती है। कई बार लोग पानी में गिर भी चुके हैं।एक अन्य निवासी प्रदीप कुमार के अनुसार यह समस्या पिछले 10-12 वर्षों से जारी है। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।दुकानदारों का कहना है कि हर बारिश में यही समस्या आती है।प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से जल निकासी की उचित व्यवस्था करने की मांग की है। उनका कहना है कि नालियों की सफाई और सड़क की मरम्मत से ही इस समस्या का समाधान संभव है।इस प्रकार, उन्नाव शहर की एबी नगर और जामा मस्जिद रोड पर जलभराव की समस्या न सिर्फ आम जनता के लिए मुश्किलें खड़ी कर रही है, बल्कि प्रशासन की लापरवाही भी उजागर कर रही है। अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक इस समस्या का स्थायी समाधान निकालता है।

### भारी बारिश के चलते किसानों के खिले चेहरे , धान की रोपाई शुरू

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।शनिवार को सुबह से शुरू हुई मानसून की पहली बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।बारिश का सबसे ज्यादा फायदा किसानों को मिला। जिला कृषि अधिकारी शशांक के मुताबिक खेतों में पर्याप्त नमी आने से धान की रोपाई तेजी से चल रही है। अब तक 40 प्रतिशत धान की रोपाई पूरी हो चुकी है। किसान मक्का, अरहर और उड़द जैसी खरीफ फसलों की बुवाई भी कर रहे हैं।मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में बारिश जारी रहेगी। इससे तापमान में और गिरावट आ सकती है। हालांकि सुबह के समय स्कूल और दफ्तर जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई जगह सड़कों पर पानी भर गया।नगर पालिका में जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से कुछ मोहल्लों में जलभराव हो गया। नागरिकों ने प्रशासन से जल निकासी की बेहतर व्यवस्था करने की मांग की है।

# थाना समाधान दिवस में एसपी ने सुनी समस्याएं

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर सफीपुर कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान करने के लिए आदेशित किया । पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने कोतवाली सफीपुर में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समयावधि के भीतर ही मौके पर जाकर समस्या का समाधान निस्तारण करने के सख्त आदेश दिए । थाना दिवस में कुल तीन मामले पेश हुए जिनको निस्तारित करने के लिए अधीनस्थों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण तिवारी से कांवर यात्रा के संदर्भ में बिस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उन्नाव प्रेमचंद्र उपजिलाधिकारी शिवेंद्र कुमार वर्मा पुलिस उपाधीक्षक मधुप नाथ मिश्र प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण तिवारी सहित राजस्व निरीक्षक लेखपाल एवं थाने के सभी कर्मचारी भी उपस्थित रहे ।

## मेडिकल की तैयारी कर रहे छात्र का शव घर पहुंचते ही मची चीख पुकार

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र के गाँव तेजसिंह खेडा निवासी सूरज पुत्र राजबहादुर उम्र 21 वर्ष लगभग 6 वर्षो से अपने फूफा नंदलाल निवासी पूरे जालिम मठ , तहसील-लालगंज, जिला रायबरेली के पास रहकर डी फार्मा मेडिकल कोर्स कर रहा था। बताया जा रहा है कि छात्र तीन दिन से लापता था जिसकी गुमशुदगी भी थाने ने दर्ज है। तीन दिन बाद उसका शव गाँव के बाहर बाग में एक पेड़ से लटका मिला।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और जांच शुरू कर दी है।शव के पास से मृतक सूरज का मोबाइल मिला है। वहीं मृतक के पिता राजबहादुर ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस इस मामले में हर पहलू से जांच कर रही है।वहीं मृतक के परिजनों ने पुलिस पर भी लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। वहीं लालगंज थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम उपरांत शनिवार को उसका शव गाँव पहुँचा जहा परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार बक्सर घाट में कर दिया।दिवंगत दो भाई व एक बहन है।बड़ा भाई मोहन विदेश में रहता है। माँ कांती सहित पूरे परिवार का रो रो बुरा हाल है।

# जिम के बाहर से बाइक चोरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही थाना क्षेत्र में आवास विकास कॉलोनी स्थित एक जिम के बाहर से बाइक चोरी हो गई। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कैथियाना मोहल्ला निवासी हर्षित अस्थाना अपनी बहन प्रगति की बाइक से जिम गया था।हर्षित ने बाइक को जिम के बाहर खड़ा किया और अंदर चला गया।एक घंटे बाद जब वह बाहर आया तो बाइक गायब थी। आसपास के सीसीटीवी फुटेज में एक युवक को बाइक की रेकी करते और फिर उसे लेकर भागते हुए देखा गया।दही थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा आरोपी बिना हेलमेट या नकाब के है। थाना प्रभारी के अनुसार इससे चोर की पहचान में मदद मिलेगी और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।पीड़ित परिवार ने बताया कि चोरी हुई बाइक कुछ महीने पहले ही खरीदी गई थी। यह उनके रोजमर्रा के आवागमन का एकमात्र साधन थी।उन्होंने पुलिस से जल्द बाइक की बरामदगी की मांग की है।

## गैस सिलेंडर से घर में लगी आग, गृहस्थी जल कर हुई राख

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव।थाना बारासगवर अंतर्गत एक गाँव मे खाना बनाते समय सिलेंडर ने आग पकड़ ली ।जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक आग घर की गृहस्थी को जल कर खाक हो गयी। थाना क्षेत्र के ग्राम डिठुमा में शुक्रवार को राकेश कुमार पुत्र शिवप्यारे के घर में उस समय आग लग गयी जिस समय राकेश की पत्नी पूजा शाम 8 बजे खाना बना रही थी। घर वालो के प्रयास के बाद जब आग नही बुझी तब शोर सुन गांव के लोगो ने आग बुझाने की कोशिश परन्तु फिर भी आग नही बुझी। पुलिस व फायर ब्रिग्रेड को सूचना दिए जाने पर फायर ब्रिग्रेड मौके पर पहुँची तब आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने से गृहस्थी का सामान तख्त,चारपाई ,छप्पर, पंखे मोबाइल फोन आदि जल कर राख हो गए।मौके पर पहुँचे क्षेत्रीय लेखपाल ने बताया नुकशान का आकलन कर रिपोर्ट शाशन को भेजी जा रही है।

# न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु न्यायालय के द्वारा जारी वारंट के अनुसार अधेड़ को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा बारा सगवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सगवर निवासी संतोष कुमार आयु लगभग 65 वर्ष पुत्र अंबिका प्रसाद के खिलाफ न्यायालय में आपराधिक मुकदमा विचाराधीन था न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर न्यायालय ने वारंट जारी कर दिया वारंट के आधार पर पुलिस ने न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।



## कांवड़िया राहत केंद्र का एसपी ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। सावन के दूसरे दिन परियर गंगा तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। हजारों कांवरिया गंगा में स्नान कर पवित्र जल भरकर लोधेश्वर महादेव मंदिर की ओर गए। कांवड़ यात्रा को देखते हुए उन्नाव पुलिस प्रशासन सतर्क है।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने सीओ सफीपुर मधुप नाथ मिश्रा और कोतवाल सुब्रत नारायण तिवारी के साथ परियर चौकी और कांवड़िया राहत केंद्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था और कांवरियों की सुविधाओं के लिए निर्देश दिए गए। एसपी ने श्रद्धालुओं को बताया कि असुविधा होने पर वे तुरंत पुलिस सहायता केंद्र से मदद ले सकते हैं। पुलिस बल लगातार गश्त कर रहा है। हर पड़ाव पर व्यवस्था के लिए पुलिस तैनात है।बाबा बलखंडेश्वर मंदिर पर भी भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।मंदिर समिति के अध्यक्ष रवि मिश्रा ने श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क रुकने और विश्राम की व्यवस्था की है। मंदिर परिसर में खाने-पीने, आराम और प्राथमिक चिकित्सा की सुविधाएं उपलब्ध हैं। परियर गंगा घाट पर श्रद्धा, सेवा और सुरक्षा का संगम देखने को मिल रहा है। स्थानीय प्रशासन के प्रयासों की सराहना हो रही है।

## कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा,एसडीएम और सीओ ने नानामऊ घाट का किया निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के नानामऊ घाट पर कांवड़ यात्रा की तैयारियों का निरीक्षण किया गया। एसडीएम शुभम यादव और सीओ अरविंद कुमार चौरसिया ने घाट का दौरा किया। अधिकारियों ने घाटों की साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। यात्रियों के लिए पेयजल की व्यवस्था का निरीक्षण किया। शौचालय और विश्राम स्थल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।एसडीएम और सीओ ने अधिकारियों को कांवड़ यात्रा के सुचारू संचालन के लिए दिशा-निर्देश दिए। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह समेत पुलिस बल मौजूद रहा।

## पवित्र कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।सावन माह में पवित्र कांवड़ यात्रा के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। जिलाधिकारी गौरांग राठी और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने संयुक्त निगरानी टीमें गठित की हैं। जाजमऊ घाट पर विशेष निगरानी की जा रही है। यहां कांवड़ यात्रियों की बड़ी संख्या में आने की संभावना है।प्रशासन ने घाट पर साफ-सफाई, पेयजल, प्राथमिक उपचार और मोबाइल टॉयलेट्स की व्यवस्था की है।जिले में कई जन सुविधा बूथ स्थापित किए गए हैं। इन बूथों पर पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और राहत टीमों के कर्मी तैनात हैं। आपात स्थिति के लिए एंबुलेंस, मेडिकल टीम और फायर ब्रिगेड की टीमें मौजूद रहेंगी।यात्रियों को बूथों पर शुद्ध पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा और विश्राम स्थल की सुविधा मिलेगी। महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस कर्मियों की विशेष तैनाती की गई है।नेशनल हाईवे-27 पर भारी वाहनों के संचालन पर रोक लगाई गई है। वैकल्पिक मार्गों से रूट डायवर्जन कराया जा रहा है।सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। अफवाहों को रोकने के लिए आईटी सेल सक्रिय है। प्रशासन ने अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।डीएम गौरांग राठी ने कहा, कांवड़ यात्रा धार्मिक आस्था से जुड़ी एक अहम परंपरा है, ऐसे में यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। सभी विभागों को निर्देशित कर दिया गया है कि वे पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी निभाएं और यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।एसपी दीपक भूकर ने बताया कि यात्रा मार्गों पर क्यूआरटी (त्वरित प्रतिक्रिया टीम) भी तैनात की गई हैं। कानून व्यवस्था से संबंधित किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल पूरी तरह अलर्ट है।

## हिंदू धर्म के पवित्र श्रावण माह में भोले दरबार में होगा कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी प्रसिद्ध नगर पंचायत स्थित बाबा गोदावलेश्वर धाम में परंपरागत रूप से होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत सावन के अंतिम सोमवार 4 अगस्त 2025 को भव्य जवाबी कीर्तन का आयोजन होगा ।बाबा गोदावलेश्वर धाम परिषर में आयोजित पंडित रविशंकर शुक्ल जन कल्याण समिति की बैठक को संबोधित करते हुए समिति के संयोजक प्रमोद वाजपेई परमू ने बताया कि परंपरागत रूप से सावन के अंतिम सोमवार पर होने वाले वार्षिकोत्सव बाबा भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार एवं विशाल जवाबी कीर्तन होगा। जिसमें इस बार क्रांति माला देश प्रेमी पार्टी कानपुर एवं शशिराज कमल रायबरेली के बीच जवाबी प्रोग्राम होगा। बैठक में प्रमुख रूप से कोषाध्यक्ष सतेउहान प्रसाद गुप्ता, कुलदीप अग्निहोत्री, व्यवस्थापक सुयश पांडे, नागेश सिंह , कृष्ण कुमार यादव, बिंदादीन धानुक, मुकुल सविता, विशाल बाजपेई, नागेश रहे।

## भारी बारिश के चलते स्कूल परिसर में भरा पानी



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।विकास खंड औरास में स्थित रामपुर गढ़ौवा प्राथमिक विद्यालय में भारी बारिश के बाद स्कूल परिसर जलमग्न हो गया। स्कूल में पानी इतना भर गया कि बच्चों ने इसे स्विमिंग पूल बना लिया। बच्चे स्कूल यूनिफॉर्म में पानी में तैरते, कूदते और कागज की नाव चलाते नजर आए।विद्यालय परिसर के कायाकल्प के तहत लाखों रुपए खर्च किए गए थे। सरकार की 'स्कूल कायाकल्प योजना' के अंतर्गत जल निकासी, शौचालय, पेयजल और रंगाई-पुताई जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए बजट आवंटित किया गया था। लेकिन बारिश के कुछ घंटों में ही स्कूल का मैदान और बरामदा पानी से भर स्थानीय अभिभावकों ने शिक्षकों और स्कूल प्रशासन की लापरवाही पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि सतर्कता बरती जाती तो यह स्थिति नहीं बनती। एक अभिभावक ने कहा कि वे अपने बच्चों को पढ़ने भेजते हैं, तैराकी सीखने नहीं। बच्चों की इस गतिविधि का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## कचहरी में मारपीट करने वाले आरोपियों पर दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कचहरी में एक मुकदमे की सुनवाई के दौरान वादी पक्ष के तीन लोगों के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। प्रतिवादी पक्ष के वकील और उनके साथियों ने यह हमला किया।मसवासी थाना कोतवाली सदर के रहने वाले रितेश कुमार, अल्केश और रूबी अपने मुकदमे की तारीख पर कचहरी आए थे। इसी दौरान आवास विकास थाना दही निवासी वकील आशीष और उनके करीब 8 साथियों ने वादी पक्ष पर हमला कर दिया।घटना मुकदमे में सुलह को लेकर हुई बहस से शुरू हुई। वकील आशीष और उनके साथियों ने समझौते के लिए दबाव बनाया। वादी पक्ष के मना करने पर उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।कोतवाली सदर पुलिस ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा। डॉक्टरों ने बताया कि सभी को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने वकील आशीष और 8 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हमलावरों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

## एम बी बनाने के एवज में ग्राम प्रधान से टी ए ने मांगा कमीशन

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। पौध रोपण कार्य की एम बी बनाने के एवज में टी ए पर कमीशन मांगने का आरोप लगा ग्राम प्रधान ने मुख्यविकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है.

सफीपुर विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुरधरी के ग्राम प्रधान यशकरन सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी कृति राज को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत में बने मिनी स्टेडियम में 9 जुलाई को पौध रोपण कराया गया था.जिसकी एम बी कराने के लिए ग्राम प्रधान 11 जुलाई को अपने टी ए अशोक कुमार प्रजापति के पास गया था. टी ए ने प्रधान को 12 बजे से 3 बजे तक अपने कार्यालय में बिठाए रखा उसके बाद कहा पहले वृक्षा रोपण कार्य का कमीशन दो उसके बाद एम बी बनाकर दे पाएंगे.ग्राम प्रधान ने टी ए से आग्रह करते हुए बताया कि पिछले चार माह से ग्राम पंचायत में मंत्री की तैनाती न होने से कार्यों का भुगतान नहीं हो पाया है जिस वजह से मेरे पास रुपए नहीं है. टी ए ने रुआब दिखाते हुए ग्राम प्रधान यशकरन से अमर्यादित बर्ताव करते हुए फाइल फाड़ कर फेंक दी और अपने कार्यालय से प्रधान को बाहर निकालते हुए फर्जी मुकदमे में फंसाने की भी धमकी दे डाली.पीड़ित प्रधान ब्लॉक कार्यालय से वापस लौट मुख्य विकास अधिकारी से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की.

## सम्पादकीय

# बार-बार क्रैश क्यों हो रहे हैं वायुसेना के लड़ाकू जगुआर

सैनिक की देश की सुरक्षा में सबसे अहम कड़ी है। एक सैनिक को खोना महज किसी एक व्यक्ति की जान जाना नहीं, बल्कि सुरक्षा रूपी चैन की एक कड़ी टूटने जैसा होता है। इससे एक- एक परिवार, एक समाज और एक देश को नुकसान होता है। अगर सैनिक की जान दुश्मन से युद्ध करते हुए जाए जो शहादत कहलाती है। जिस पर पूरे देश को गर्व होता है, लेकिन अगर देश में ही किसी हादसे में सैनिक को खो दिया जाए तो आघात से कम नहीं होता। आजकल देश को ऐसे ही आघात भारतीय वायुसेना का लड़ाकू विमान जगुआर दे रहा है। मंगलवार को एक और जगुआर राजस्थान के चुरू जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस साल जगुआर विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की यह तीसरी घटना है। इससे जगुआर विमानों के बेड़े की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। पहले मार्च में हरियाणा के पंचकुला में और अप्रैल में गुजरात के जामनगर के पास ऐसे हादसे हुए थे। जगुआर विमान पिछले 40 सालों से भारतीय वायुसेना का हिस्सा हैं। विमानों के पुराने होने और बार-बार दुर्घटनाओं के कारण इनकी उपयोगिता पर सवाल उठ रहे हैं। असल में, जगुआर विमानों के बार-बार दुर्घटनाग्रस्त होने से इनकी सुरक्षा और इस्तेमाल पर चिंता बढ़ गई है। ये विमान 40 साल से भी ज़्यादा समय से इंडियन एयरफोर्स में हैं। जगुआर को 1960 के दशक में बनाया गया था। यह दो इंजन वाला, सुपरसोनिक हमला करने वाला विमान है। एक समय में यह एयरफोर्स का मुख्य विमान था। भारतीय वायुसेना में कुल 145 जगुआर विमान शामिल किए गए थे। पहले 40 विमान 1979 में ब्रिटेन से लाए गए थे। इन विमानों को शमशेर नाम दिया गया था, जिसका मतलब है न्याय की तलवार। बाकी विमानों को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने बनाया। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने यह काम ब्रिटेन से तकनीक लेकर किया था। 2008 तक भारत में जगुआर विमान बनते रहे, लेकिन वो चल अब तक रहे हैं। माना जा रहा है कि तकनीक पुरानी होने के कारण जगुआर अब मिग-21 जैसा हो गया है और वायुसेना के पायलटों के लिए काल बनता जा रहा है। जगुआर विमानों के इंजन ठीक से काम नहीं करते हैं और इस वजह से कई दुर्घटनाएं हुई हैं। कई पायलटों और रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि जगुआर विमानों में लगे रोल्स-रॉयस-टर्बोमेका अदौर एमके 811 इंजन की वजह से ऐसा होता है। इन इंजनों में पर्याप्त शक्ति नहीं है, जिससे विमान की गति, मुड़ने की क्षमता और हथियार ले जाने की क्षमता प्रभावित होती है। यही कारण है कि बीते महज पांच माह में ही 3 जगुआर क्रैश हो चुके हैं। जो विमान दुश्मनों को लोहे के चने चबवाने के लिए लिया गया हो और वो अपने ही सैनिक की सुरक्षा के लिए खतरा बन जाए तो विषय और भी गंभीर हो जाता है। लगातार सवाल उठ रहा है कि क्या यह विमान समय के साथ अपनी उपयोगिता खो चुका है? लगातार हो रही तकनीकी दिक्कतें और दुर्घटनाएं इस ओर इशारा कर रही हैं कि जगुआर जैसे पुराने विमानों को सेवा से हटाने का समय आ गया है। हर हादसे के बाद वायुसेना तकनीकी जांच कराती है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाती है। इस हादसे की जांच रिपोर्ट के बाद ही साफ हो पाएगा कि हादसे की वजह पायलट की त्रुटि थी, तकनीकी खामी या कोई और कारण। लेकिन यह तय है कि एक ही साल में तीन बार एक ही श्रेणी का विमान दुर्घटनाग्रस्त होना सामान्य बात नहीं है। सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा, क्योंकि देश अपने सैनिकों की सुरक्षा से समझौता नहीं कर सकता।

# रिश्वत के बदले मान्यता बेहद गंभीर मामला



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

चिकित्सा क्षेत्र को एक बेहद संवेदनशील और गंभीर क्षेत्र माना जाता है जहां गुणवत्ता से कतई समझौता नहीं किया जा सकता लेकिन भारत में यह क्षेत्र लगातार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है। हाल ही में सीबीआई ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के एक निजी मेडिकल कॉलेज सहित मध्यप्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तरप्रदेश और दिल्ली के 40 मेडिकल कॉलेजों में छापेमारी कर मान्यता के बदले नेशनल मेडिकल कमीशन यानि 'एनएमसी' के निरीक्षण टीम को रिश्वत लेने और देने के आरोप में 3 एसेसर्स सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। एनएमसी ने रिश्वत लेने वाले तीनों मूल्यांकनकर्ता डॉक्टरों को ब्लैक लिस्टेड कर दिया है। सीबीआई छापे के मद्देनजर संबंधित मेडिकल कॉलेजों में इस वर्ष जीरो ईयर घोषित होने की संभावना है। मतलब इस सत्र में इन कॉलेजों को एमबीबीएस के प्रथम वर्ष में दाखिले की अनुमति नहीं मिलेगी जो सीधे तौर पर नीट चयनित छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए निराशाजनक है।

घूस के बदले मान्यता से जुड़े इस मामले में सीबीआई ने जिन लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है उसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के 11 अधिकारी सहित तीन धर्मगुरू भी शामिल हैं। भविष्य में इस मामले में अनेक रसूखदारों के गिरफ्तारी की संभावना है। खबरों के मुताबिक यह घोटाला लगभग 1300 करोड़ रुपए से अधिक का हो सकता है। दूसरी और सीबीआई ने मान्यता के लिए रिश्वत के मामले में फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. मोंटू पटेल के ठिकानों पर भी छापेमारी की है।चेयरमैन डॉ. पटेल पर आरोप है कि उन्होंने देश के 12 हजार से ज्यादा फार्मेसी कॉलेजों को अनुमति देने के लिए 54 सौ करोड़ रुपए से अधिक का घोटाला किया है। सीबीआई ने इन छापों के बाद खुलासा किया है कि मेडिकल शिक्षा से जुड़े भ्रष्टाचार में स्वास्थ्य मंत्रालय, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग 'एनएमसी', निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधि और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग 'यूजीसी' के पूर्व अध्यक्ष की संलिप्तता है।

अलबत्ता यह पहला मामला नहीं है जब देश में किसी कॉलेज को दाखिले के लिए मान्यता अथवा रैंकिंग देने के लिए रिश्वत लेने का मामला सामने आया हो बल्कि पहले भी मेडिकल, नर्सिंग, फार्मेसी, फिजियोथेरेपी, डेंटल सहित इंजीनियरिंग और यूनिवर्सिटी तथा कॉलेजों की मान्यता या अच्छा रेटिंग देने के लिए रिश्वत का मामला उजागर हुआ था। बीते फरवरी में सीबीआई ने राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद 'नैक' के निरीक्षण टीम के अध्यक्ष और सदस्यों को एक विश्वविद्यालय को रिश्वत के बदले अच्छी रेटिंग देने के मामले में गिरफ्तार किया था। इस मामले में सीबीआई ने 20 स्थानों पर छापेमारी की थी तथा 37 लाख नगद और सोना बरामद किया था। बेहतर रेटिंग के लिए रिश्वत के मामले पर उठे विवाद के बाद नैक ने इस निरीक्षण समिति के सभी सदस्यों पर जहां आजीवन प्रतिबंध लगा दिया वहीं आरोपी विश्वविद्यालय को मान्यता के लिए आवेदन करने से पांच साल तक रोक लगा दिया है। कालांतर में छत्तीसगढ़ सहित अनेक राज्यों में सीबीआई ने इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए निरीक्षण टीम को रिश्वत देने के मामले में गिरफ्तारियां की थी।अलबत्ता ऐसी घटनाएं उच्च शिक्षा संस्थानों में जारी भ्रष्टाचार के साथ ही नैक जैसी स्वायत्तशासी संस्था की विश्वसनीयता की भी पोल खोलता है।




बहरहाल मेडिकल कॉलेजों के स्थापना, दाखिले के लिए अनुमति और सीटों में बढ़ोतरी के लिए रिश्वत और फर्जीवाड़े के मामले पहले भी उजागर हुए हैं जिसके चलते चिकित्सा जैसा मुकद्दस पेशा बदनाम हुआ है। मान्यता के लिए निरीक्षण के दौरान कॉलेज प्रबंधन द्वारा टीचिंग के लिए घोस्ट फैकल्टी यानि कागज पर शिक्षक तथा अस्पतालों में नकली मरीज भर्ती करने का सिलसिला काफी दिनों से जारी है। साल 2010 में मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया 'एमसीआई' के अध्यक्ष डॉ केतन देसाई पर एक मेडिकल कॉलेज को मान्यता देने के ऐवज में 20 लाख रुपए रिश्वत लेने का आरोप लगा था। सीबीआई को जांच के दौरान डॉ. देसाई से डेढ़ किलो सोना और अस्सी किलो चांदी तथा कई आलिशान घर मिला जो घोटाले से हासिल किया गया था। जांच में आगे यह भी पता चला कि डॉ. केतन ने अन्य डॉक्टरों के साथ मिलकर एक कॉलेज को अनुमति देने के ऐवज में 2 करोड़ की रिश्वत मांगी थी। डॉ. देसाई सहित अन्य डॉक्टरों को सीबीआई ने इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए रिश्वत के मामले में कौंसिल के अध्यक्ष सहित उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी हुई लेकिन तकनीकी वजहों से वे बाद में बरी हो गए।

मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. केतन देसाई सहित अन्य सदस्यों के काले कारनामों से मचे बवाल के बाद भारत सरकार ने 25 सितंबर 2020 में 'एमसीआई' को भंग कर दिया और इसकी जगह राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग 'एनएमसी' की स्थापना किया। केंद्र सरकार ने साल 2020 से 2023 के बीच संसद के जरिए अधिनियम पारित कर एलोपैथी, डेंटल और आयुष शिक्षा से जुड़े कॉलेजों को मान्यता देने और चिकित्सा व्यवसाय को अधिनियमित करने के लिए आयोगों का गठन किया है। वर्तमान में एलोपैथी के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग 'एनएमसी', आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध और सोवा- रिग्पा के लिए केंद्रीय राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धति आयोग 'एनसीआईएसएम', दंत चिकित्सा के लिए राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग 'एनडीसी' तथा होम्योपैथी के लिए राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग ' एनसीएच' जैसे आयोग स्थापित हैं।

विचारणीय है कि भारत सरकार ने मेडिकल सहित सभी प्रोफेशनल कोर्सेज के शिक्षण संस्थानों में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो इस लिहाज से कॉलेजों को मान्यता देने की प्रक्रिया में पारदर्शिता और शुचिता कायम करने के लिए उपरोक्त आयोगों का गठन किया है। विडंबना है कि सरकार और समाज के उद्देश्यों को आयोग से जुड़े पदाधिकारी और मूल्यांकन कर्ता ही पलीता लगा रहे हैं जो निश्चित ही चिंतनीय है। मेडिकल शिक्षा से लेकर तमाम संस्थाओं में मानक के अनुरूप मानव संसाधन, अधोभूत संरचना, सुविधाएं , मशीन - उपकरण, लाइब्रेरी में पुस्तकों की समुचित उपलब्धता के निरीक्षण के लिए इन नियामक संस्थाओं द्वारा संबंधित संस्थानों में निरीक्षण टीम भेजी जाती है। निरीक्षण टीम के रिपोर्ट के आधार पर ही संबंधित संस्थानों में छात्रों के दाखिले के लिए जहां मान्यता मिलती है वहीं सीटों में बढ़ोतरी की जाती है।

हालिया मामले पर गौर करें तो जिन मेडिकल कॉलेजों और उच्च शिक्षा संस्थानों में सीबीआई ने छापेमारी की है वहां मापदंडों के अनुसार शिक्षक एवं अन्य मानव संसाधन तथा सुविधाएं नहीं थी। आलम यह की शिक्षक जहां केवल कागज पर काम कर रहे हैं वहीं अस्पतालों में किराए के मरीज भर्ती किए जा रहे हैं। तमाम कमियों के बावजूद आयोग और परिषद के अधिकारियों, निरीक्षण टीम के सदस्यों और कॉलेज प्रबंधन के बीच करोड़ों रुपए के रिश्वत के बदले अनुकूल रिपोर्ट देने के प्रयास किया गया जो चिकित्सा जैसे क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता और भ्रष्टाचार की पोल खोलता है। बिलाशक आज भी मेडिकल एक ऐसा क्षेत्र है जिसके प्रति अभिभावकों और छात्रों का काफी रूझान है फलस्वरूप देश में निजी मेडिकल कॉलेजों का बाजार लगातार बढ़ रहा है। निजी मेडिकल कॉलेजों में सीधे तौर पर राजनीतिक रसूखदारों और कार्पोरेट घरानों ने भारी निवेश किया है फलस्वरूप उन्हें आसानी से राजनीतिक और आर्थिक संरक्षण प्राप्त हो रहा है।दरअसल राजनीतिक और आर्थिक संरक्षण का खामियाजा उन छात्रों को होता है जो मोटी फीस देकर उन कॉलेजों में एडमिशन लेते हैं जहां न तो शिक्षण के लिए हायर फैकल्टी यानि प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर होते हैं और न ही प्रशिक्षण के लिए अस्पतालों में मरीज होते हैं। अलबत्ता ऊंची फीस देकर पढ़ाई करने वाले छात्र बतौर चिकित्सक अपने पेशे में मरीजों के जेब के प्रति कितना संवेदनशील होंगे? बिना संसाधन के काबिल होंगे? यह सोचनीय प्रश्न है। विचारणीय यह भी कि देश में जिस तरह से

धड़ल्ले से मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं उस लिहाज से मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार परिलक्षित नहीं हो रहा है। इसकी मुख्य वजह मेडिकल शिक्षा के लिए जरूरी मानव संसाधन और अधोसंरचना की अनुपलब्धता है बावजूद ऐसे कॉलेजों को मान्यता मिलना जनस्वास्थ्य के लिहाज से चिंताजनक है। बहरहाल सरकार से यह अपेक्षा है कि वह चिकित्सा जैसे पवित्र पेशे में जारी भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े पर लगाम लगाने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति प्रदर्शित करे ताकि देश और समाज को काबिल और संवेदनशील डॉक्टर मिल सके।

## गुरु पूर्णिमा


अखिलेश आर्येन्दु



# वैदिक ऋषियों, गुरुओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का पर्व

कहा जाता है भारत पर्वों, त्योहारों और उत्सवों का देश है। वर्ष के बारह महीने हर दिन कोई न कोई पर्व, त्योहार या उत्सव होता ही है। इसी में गुरु पूर्णिमा भी एक है। गुरु पूर्णिमा आध्यात्मिक गुरु के साथ-साथ अकादमिक गुरुओं के सम्मान में मनाया जाने वाला पर्व या उत्सव है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन मनाये जाने वाले इस पवित्र उत्सव में विद्या और ज्ञान के महत्व को प्रकट किया जाता है। मान्यताओं के अनुसार महर्षि वेद व्यास को विष्णु ने चारों वेदों का ज्ञान दिया था। इसलिए संसार का प्रथम गुरु वेद व्यास को माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि पूर्णिमा के दिन गुरु की पूजा, सेवा और आशीर्वाद से व्यक्ति का जीवन सफल हो जाता है। लोक मान्यताओं के अनुसार इस दिन महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था, इसलिए इसे वेद व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। बौद्ध मतानुयायी भगवान बुद्ध की याद में गुरु पूर्णिमा को मनाते हैं। इस दिन बुद्ध ने पहली बार सार नाथ वाराणसी में उपदेश दिया था। पौराणिक कथा है कि भगवान शिव ने शप्तऋषिओं को इसी दिन उपदेश दिया था। इस तरह तमाम पौराणिक और ऐतिहासिक संदर्भ गुरुपूर्णिमा से ताल्लुक रखते हैं। ज्ञान, विद्या, धर्म और सांस्कृतिक सम्बन्धों में ये पर्व और उत्सव अपनी खास अहमियत रखते हैं। सबसे अहम बात यह है कि ये पर्व व उत्सव किसी न किसी खास विषय से जुड़े हुए हैं। गुरु पूर्णिमा या व्यास पूर्णिमा भी एक ऐसा ही पर्व और उत्सव है जो विद्या देने वाले गुरु और विद्या ग्रहण करने वाले शिष्य के पावन सम्बन्धों की पावन अभिव्यक्ति है। मनुस्मृति में इस दिन को उपाकर्म का दिन कहा गया है। यह श्रावणी का प्रारम्भ भी माना जाता है। इसे वेद रक्षक ऋषियों को समर्पित शुभ दिन के रूप में माना जाता है। चातुर्मास की परम्परा में चार महीने वैदिक ग्रंथों के स्वाध्याय के लिए बनाए गये। इसलिए चातुर्मास का प्रारम्भ भी इसी के दौरान हुआ करता था। संस्कृत व्याकरण व भाषा के मुताबिक गुरु वह शब्द है जो ज्ञान, प्रेरणा और मार्गदर्शन का प्रतिबिम्ब है। वेद में ईश्वर को सबसे बड़ा और महतोमहान गुरु कहा गया है। जो मानव की अज्ञानता, दरिद्रता और दुख दूर करने वाला है। संसार में चारों तरफ अंधियारा, अज्ञानता और दुख छाया हुआ है। इन्हें दूर करने के लिए गुरु या मार्गदर्शक की जरूरत पड़ती है। सभी तरह के गुरुजनों को सम्मान देना और उनके प्रति हमेशा कृतज्ञता का भाव बनाए रखना शारीरिक तप कहा जाता है। इसलिए गुरु पूर्णिमा तप करने का पर्व भी है। हमारी संस्कृति में अनेक प्रतीकों और चिंहों का खास महत्व है। इन्हीं प्रतीकों में जनेऊ या यज्ञोपवीत भी एक है। यज्ञोपवीत तीन धागों से बनता है। इन तीन धागों में जन्म से लेकर मृत्यु तक जिन तीन गुरुओं का ऋण सबसे ज्यादा होता है वे हैं-माता-पिता, विद्या या शिक्षा देने वाले गुरु और परम्परा से ज्ञान दे रहे हमारे ऋषि-मुनि। जनेऊ के इन तीन धागों में इन तीन गुरुओं के प्रति कृतज्ञता का बोध होता है। गुरु पूर्णिमा के दिन इन तीनों के प्रति कृतज्ञता जताने की परम्परा रही है। आधुनिक समय में गुरु-शिष्य की वैदिक परंपरा भले ही न दिखाई देती हो लेकिन अध्यापक और छात्र का रिश्ता तो है ही। इस रिश्ते की अपनी खास अहमियत है। दोनों के जो कर्तव्य हैं, उन कर्तव्यों का पालन दोनों को करना चाहिए। समाज में आदर्श, शांति, प्रेम, सहिष्णुता और शुभत्व को बढ़ाने के लिए जरूरी है कि दोनों अपने धर्म का ईमानदारी से पालन करें। समाज में विश्वास, परोपकार और सुचिता का माहौल कायम करने के लिए भी जरूरी है गुरु-शिष्य के रिश्ते को पवित्र भाव से निभाया जाए। संत कबीर कहते हैं- गुरु बिन ज्ञान न उपजै, गुरु बिन मिले न मोष। गुरु बिन लखै न सत्य को, गुरु बिन मिटै न दोष। कहने का भाव यह है कि जिसमें हर तरह की गुरुता यानी बड़प्पन और धैर्य धारण करने वाला हो और शिष्य के कल्याण को हो अपने जीवन का मकसद समझता हो, वह ही सच्चा गुरु हो सकता है। इसी तरह शिष्य को भी चाहिए कि वह सीखने, ग्रहण करने और हर अच्छी बात व ज्ञान को ग्रहण करने के लिए हमेशा तैयार रहे। दोनों में, दूसरे के प्रति सज्जनता का भाव हो।वैदिक परम्परा में गुरु की अहमियत सर्वोपरि है, लेकिन यह तभी असरदायक होगा, जब ग़ुरु के सच्चे ज्ञान को हर व्यक्ति अमल में लाए।

# भक्ति करने से हमें लड़ने की मिलती है शक्ति




संकलित

दर्शन

इस विशाल ब्रह्मांड में, एक कालनिरपेक्ष और असीमित ऊर्जा सृष्टि के प्रत्येक पक्ष में प्रकट होती है। ये समय, स्थान, आरंभ-अंत से परे है। अक्सर हम उन लोगों पर दया भाव रखते हैं, जो हमसे अधिक युवा हैं या हम उन्हें कम ज्ञान वाला समझते हैं। इसी प्रकार हम बुजुर्गों द्वारा दिए गए ज्ञान को पुराना और अज्ञान से भरा हुआ मान लेते हैं। लेकिन, हमें ये बात समझने की आवश्यकता है कि दिव्यता बुद्धिमत्ता, आयु या स्वभाव पर ध्यान दिए बिना, सबके हृदय में वास करती है। प्रत्येक व्यक्ति में शिव तत्व का संज्ञान लेने से हमारे भीतर एक समरसता उत्पन्न हो जाती है, जो हमें शिव से एकाकार करती है। पुराने समय के ऋषियों और ज्ञानियों ने हर एक चीज को शिव का ही अंश माना। शिव सर्वव्याप्त हैं। यही वेदों का सार है। वेदांत दूसरी ओर भूला देने और ज्ञान की सीमाओं के परे जाने को भी दर्शाते हैं। वह उसके बारे में भी बताते हैं, जो द्वैत से परे है, अच्छे और बुरे से परे है। वेदांत अद्वैत की वास्तविकता का भी उद्घाटन करते हैं, जो अस्तित्व के मूल में छिपा हुआ है। ईश्वर के सर्वव्याप्त होने की धारणा पर बहुत पुराने समय से प्रश्न उठते आए हैं। यदि ईश्वर सचमुच में सर्वव्याप्त हैं, तो शैतान कहां रहता है। शताब्दियों से धर्मशास्त्रियों ने इस असमंजस पर गुत्थम-गुत्था की है। यदि ईश्वर सर्वव्याप्त हैं, तो कोई शक्ति उन्हें चुनौती कैसे दे सकती है? उत्तर इस समझ में है कि हर एक चीज में ईश्वर है, शैतान में भी। वेदांत दर्शन ने द्वैत की सीमाओं को पार किया और अद्वैत के सत्य को बताया, जो अच्छे और बुरे से परे है।

# अच्छे कार्य करने से गुरु शिष्य को कभी न रोके




संकलित

प्रेरणा

दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य बताए गए हैं। भगवान शिव ने शुक्राचार्य को मृत संजीवन विद्या दी थी। इस विद्या से शुक्राचार्य मरे हुए दैत्यों को फिर से जीवित कर देते थे। जब दैत्यराज बलि का राज था। तब एक दिन भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और बलि के पास पहुंचे। बलि अपनी दानवीरता की वजह से बहुत प्रसिद्ध थे। वे किसी भी मांगने वाले को खाली हाथ नहीं जाने देते थे। राजा बलि उस समय यज्ञ कर रहे थे। बलि ने वामन देव को देखा तो वह उनके पास पहुंचा। वामन देव ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी। शुक्राचार्य वामन देव को पहचान गए थे कि ये विष्णु जी हैं। इसलिए उन्होंने बलि को दान देने से रोकना चाहा। राजा बलि ने अपने गुरु की बात नहीं मानी और वामन देव को दान देने के लिए तैयार हो गए। तब शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में सूक्ष्म रूप में बैठ गए, जिससे की पानी बाहर न आए और राजा बलि भूमि दान करने का संकल्प न ले सकें। वामन भगवान जानते थे कि शुक्राचार्य बलि के कमंडल में बैठे हैं। उन्होंने बलि के कमंडल में एक तिनका डाल दिया, जिससे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। इसके बाद शुक्राचार्य कमंडल से बाहर आ गए और बलि ने वामन देव को भूमि दान दे दी। अगर कोई गुरु अपने शिष्य को नेक काम करने से रोकता है तो उसे इसका बुरा फल भोगना पड़ता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विमानन क्षेत्र में सुधार-समीक्षा की दरकार

हाल ही में अहमदाबाद हवाई अड्डे पर बोइंग विमान से जुड़ी एक घटना ने वैश्विक विमानन उद्योग, विशेषकर बोइंग की विश्वसनीयता पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना न केवल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि तकनीकी दिग्गज बोइंग के विमान लगातार दुर्घटनाओं के घेरे में क्यों आते जा रहे हैं। बोइंग विमान को लेकर उठ रहे प्रश्न केवल एक कंपनी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह संपूर्ण विमानन प्रणाली, उसकी निगरानी और जवाबदेही पर सवाल खड़े करते हैं। नागरिक विमानन महानिदेशालय को चाहिए कि वह बोइंग विमानों की संपूर्ण सुरक्षा समीक्षा करवाए, पुराने मॉडलों की जांच कराए और तय करे कि तकनीकी संदिग्ध विमान को उड़ान से पहले दोबारा जांचा जाए।

*– विकास शर्मा, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन के पूर्व पीएम सुनक बैंकिंग जगत में वापस लौटे


ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बैंकिंग जगत में वापस आ गए हैं और उन्होंने गोल्डमैन सैक्स समूह में वरिष्ठ सलाहकार के रूप में नयी भूमिका संभाली है। सुनक अपनी आय को उस शिक्षा चैरिटी को दान करने की योजना बना रहे हैं जिसे उन्होंने हाल ही में अपनी पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ मिलकर स्थापित किया है। राजनीति में प्रवेश करने से पहले सुनक ने अमेरिका स्थित बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक में काम किया था। यह घोषणा पिछले वर्ष चार जुलाई को आम चुनाव में हार के बाद ब्रिटिश भारतीय नेता के मंत्री पद का कार्यकाल समाप्त होने के बाद आवश्यक 12 महीने की अवधि बीत जाने के बाद की गयी।



## ऑफ बीट

# क्या युवाओं में कैंसर के लिए रसायन ज़िम्मेदार हैं?

पहले कैंसर को आमतौर पर बुज़ुर्गों की बीमारी माना जाता था लेकिन अब 50 साल से कम उम्र के लोगों में कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं, जो चिंताजनक है।



आपके शरीर की प्रत्येक कोशिका में आपके डीएनए की एक प्रति होती है – जो उस कोशिका को ठीक से कार्य करने का निर्देश देती है। हालांकि, डीएनए में ऐसे तरीकों से म्युटेशन हो सकता है जिससे वह कोशिका अपना वह कार्य करना बंद कर देती है जो उसे करना होता है। कुछ म्युटेशन कोशिका को अनियंत्रित रूप से बढ़ने में सक्षम बनाते हैं। कुछ म्युटेशन इसे मरने से बचाते हैं। और कुछ इसे शरीर के अन्य भागों में फैलने में मदद करते हैं जहां यह नहीं होना चाहिए।

## ट्रेंड

### ब्राजील का आभार



मुझे 'द ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस' से सम्मानित किए जाने पर गर्व है। राष्ट्रपति लूला, सरकार और ब्राजील के लोगों के प्रति आभार। यह दिखाता है कि ब्राजील के लोगों का भारत के लोगों के प्रति कितना गहरा लगाव है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### स्थापना दिवस की शुभकामनाएं



ज्ञान, शील, एकता के मंत्र के साथ राष्ट्रीयता के विचारों को लेकर आगे बढ़ते रहने वाले, विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अभाविप के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं। अनेक ख्याति प्राप्त लोगों के व्यक्तित्व का निर्माण इस संगठन से हुआ है।

**-भूपेन्द्र यादव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री**

### संविधान-विरोधी ताक़तें



महाराष्ट्र में जनादेश छीना, अब बिहार में मताधिकार - तरीका नया, साज़िश पुरानी। हम इन संविधान-विरोधी ताक़तों को बेनक़ाब करते रहेंगे - जनता और युवाओं के साथ मिलकर मुंहतोड़ जवाब देंगे।

**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### कंटेंट व्यवसाय में एआई



कंटेंट व्यवसाय के लोग एआई द्वारा लाए जा रहे बड़े बदलावों से बहुत अनजान हैं। या तो हम बदलाव से डरते हैं, या रेत में सिर छिपाए बैठे हैं। एआई सबसे लोकतांत्रिक तकनीक है। अगर आप कंटेंट व्यवसाय में गेटकीपर हैं, तो आप टिक नहीं पाएँगे।

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**



## संक्षेप

### हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**कोर्ट से जारी गैर-जमानती वारंट पर पुलिस ने बिरसिंहपुर से पकड़ा**

सुलतानपुर, जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बिरसिंहपुर गांव से पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त अमन सिंह पुत्र स्व. जंग बहादुर सिंह पर हत्या और जानलेवा हमले के आरोप हैं। अपर जिला सत्र न्यायाधीश की अदालत से जारी गैर-जमानती वारंट के आधार पर कार्रवाई की गई। बिरसिंहपुर चौकी प्रभारी प्रेम नारायण राजपूत और कांस्टेबल गौतेंद्र यादव ने गुरुवार को दबिश देकर आरोपी को पकड़ा। अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया। जयसिंहपुर कोतवाल सत्येन्द्र कुमार सिंह के अनुसार, आरोपी के विरुद्ध जयसिंहपुर कोतवाली और कोतवाली देहात में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम की सक्रियता से यह गिरफ्तारी संभव हुई।

### पर्यावरण के लिए अनूठी पहल

**वरिष्ठ पत्रकार ने पेड़ लगाकर मनाया जन्मदिन**

सुलतानपुर, वरिष्ठ पत्रकार और सहाई एसपी सेवा संस्थान के कोर कमेटी सदस्य राजदेव यादव ने अपना जन्मदिन एक अनोखे तरीके से मनाया। उन्होंने जन्मदिन के अवसर पर अमरूद का पौधा लगाया। राजदेव यादव ने इस मौके पर एक संदेश दिया। उन्होंने कहा, धरती का अब करो श्रृंगार, अपने जन्मदिन पर पेड़ लगाओ सब दो चार। उनका मानना है कि वृक्षारोपण से न सिर्फ पर्यावरण को लाभ होगा। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करेगा। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। इनमें शिवाकांत मिश्र, प्रधानाध्यापक अशोक कुमार दुबे, गुडलक सिंह, राममूर्ति गुप्ता और इंद्रजीत शामिल थे। अभय प्रताप सिंह, पवन कुमार, शिवशंकर चौधरी, जगध्यान यादव और बब्बन वर्मा भी मौजूद रहे। आकाश यादव, ऋचा यादव, उर्मिला देवी और लल्लन प्रसाद सहित अन्य शुभचिंतकों ने भी राजदेव यादव को बधाई दी।

### भाजपा विधायक ने गुरु को किया सम्मानित

**सकरसी में गुरु दक्षिणा कार्यक्रम, बाबा कंघइया दास को भेंट किया अंगवस्त्र**

सुलतानपुर, भदैयां के सकरसी गांव स्थित बाबा गुदुरी दास कुटी मंदिर में गुरुवार को गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा मंडल कंघईपुर के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की देखरेख मंडल अध्यक्ष डॉ. राममूर्ति वर्मा ने की। कार्यक्रम में भाजपा विधायक सीताराम वर्मा ने बाबा कंघइया दास को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि इस संसार में गुरु से बड़ा कोई नहीं है। गुरु ही हमें ज्ञान और अनुशासन की सीख देते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु द्वारा शिक्षित बच्चे आज विभिन्न क्षेत्रों में देश की सेवा कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने मंदिर प्रांगण में एक वृक्ष का रोपण भी किया। इस मौके पर मंडल प्रभारी रामनारायण उपाध्याय, मंत्री योगेंद्र प्रताप सिंह, कमलेश तिवारी, उपाध्यक्ष लालमनि तिवारी, राजाराम उपाध्याय सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कमीशन न दिया तो केले के खेती पर मिलने वाली सब्सिडी अधिकारियों ने रोकी

## डीएम को पत्र सौंपकर जिला उद्यान अधिकारी व निरीक्षक पर लगाया कमीशन मांगने का आरोप

### उद्यान विभाग की योजनाओं में पचास फीसदी कमीशन का आरोप

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। किसानों की आय दुगुनी करने के लिए सरकार भले ही कई योजनाएं चला रही हो और सरकारी अनुदान उनके खाते में भेज रही हो लेकिन अधिकारी बाईपास रास्ता खोजकर किसानों के खाते से भी सब्सिडी की राशि वापस कराकर मालामाल हो रहे हैं। ऐसा मामला जिले में आया है जहां पर परेशान किसान ने डीएम को शपथ पत्र के साथ शिकायत भेजी जिसमें आरोप लगाया है कि उद्यान विभाग के अधिकारी कमीशन ना देने के चक्कर में केले की खेती करने पर मिलने वाली अनुदान की राशि खाते में नहीं भेज रहे है। केला की खेती कर रहे किसानों के उत्थान के लिए प्रदेश में उद्यान विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना व बागवानी मिशन जैसी योजनाएं संचालित हो रही है जिससे किसानों की आय को दोगुना किया जा सके। लेकिन इन योजनाओं को विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सिर्फ उन्हीं खास किसानों को लाभ दे रहे हैं जो उनके मुताबिक सब्सिडी की राशि का आधा हिस्सा विभाग के अधिकारियों को वापस कर सके जो किसान कमीशन देना में पीछे रह जाते हैं उनके खाते में सब्सिडी भेजी ही नहीं जाती है सिर्फ कार्यालय का चक्कर लगवाया जाता है।ताजा मामला ब्लॉक चित्तौरा के धरसवा गांव निवासी राज कुमार सिंह ने जिलाधिकारी मोनिका रानी को शपथ पत्र देकर जिला शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी व उद्यान निरीक्षक पंकज वर्मा उनसे अनुदान देने के नाम पर 50 फीसदी एडवांस कमीशन माँग रहे हैं। जब कमीशन नहीं दिया तो विभाग द्वारा हमारे खाते में सब्सिडी नहीं भेजी गई जब इसकी जानकारी के लिए कार्यालय गया तो बताना गया कि जल्द सब्सिडी आयेगी लेकिन सब्सिडी नहीं आई एक वर्ष से कार्यालय का चक्कर लगा रहा हूं। मेहनत से केले की खेती करता हूं जिसकी जांच भी विभाग द्वारा लगातार की गई है जबकि हमारे यहां के कई ऐसे किसान है जिन्होंने केला की फसल भी नहीं लगाई है विभाग द्वारा उनको सब्सिडी दी जा चुकी है उन किसानों के नाम का भी जिक्र पत्र में किया है। किसान राजकुमार सिंह ने प्रकरण की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई और अपनी सब्सिडी दिलाने की मांग की है। इस संबंध में जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि आरोप गलत है उन्होंने यदि आरोप लगाया है तो उसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिकायत करने वाले किसान के खाते में जल्द सब्सिडी आयेगी कमीशन का आरोप निराधार है।

# बूढ़ेश्वरनाथ मंदिर जाने का मार्ग बड़े बड़े गड्ढों में तब्दील

## रामपुर मार्ग से जाते हैं लाखों की तादात में कांवरिया व श्रद्धालु

अमन लेखनी समाचार/आर एन तिवारी



शिवपुर, बहराइच। पवित्र सावन माह में प्रसिद्ध शिव मंदिरों में जलाभिषेक हेतु श्रद्धालुओं की संख्या में काफी इजाफा देखने को मिलता है जिसके दृष्टिगत शासन द्वारा काँवड़ यात्रा के मार्ग, चिकित्सा शिविर, खानपान व सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। किन्तु शायद विकासखंड शिवपुर में शासन के नियम अभी तक लागू नहीं हुए हैं। तभी तो काँवड़ यात्रियों का पथ बड़े-बड़े गड्ढे में तब्दील है जिनकी अभी तक कोई मरम्मत नहीं करवाई गई है। जनपद बहराइच के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया के मजरा महादेवा में प्राचीनतम व मनोकामना सिद्ध बूढ़ेश्वरनाथ शिव मंदिर स्थित है। सावन माह में इस शिव मंदिर में जनपद सहित प्रदेश भर से लाखों काँवड़ यात्री आकर मनोवांछित कामनाओं की पूर्ति हेतु जलाभिषेक करते हैं। वहीं मंदिर जाने वाले रामपुर धोबिया संपर्क मार्ग बड़े-बड़े गड्ढे में तब्दील है। इससे काँवड़ यात्रियों को मंदिर पहुंचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने बताया है कि रामपुर धोबिया संपर्क मार्ग से बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर जाने वाले संपर्क मार्ग में कई स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं जिनमें कई लोग गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। ऐसे में दूर दराज से आने वाले काँवड़ यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। श्रद्धालु चोटिल होकर जख्मी हो सकते हैं। ऐसे में इस मार्ग को सही कराया जाना बेहद आवश्यक है। इस मार्ग को कब सही करवाया जाएगा इस संबंध में खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव से संपर्क का प्रयास किया गया किंतु उनका फोन नहीं उठा।

# बागेश्वरी मंदिर में भारत नेपाल की सांस्कृतिक का दिखी छाप



अमन लेखनी समाचार/मोहम्मद कौशर

रुपईडीहा, बहराइच। श्रवण मास के पावन अवसर पर दूसरे दिन नेपालगंज स्थित बागेश्वरी मंदिर परिसर में भगवान खडेश्वर महादेव के दर्शन व जलाभिषेक के लिए भारतीय सीमा क्षेत्र से श्रद्धालु पहुंचे। रुपईडीहा, नानपारा, बाबागंज सहित आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु गंगाजल लेकर मंदिर पहुंचे और विधिवत जलाभिषेक किया।श्रद्धालु सुबह से ही अपने साधनों से रुपईडीहा बॉर्डर क्रॉस कर नेपालगंज बागेश्वरी मंदिर पहुंचने लगे। मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत नेपाल पुलिस और स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। वहीं एसएसबी द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर श्रद्धालुओं की आवाजाही को सरल बनाने में सहयोग दिया गया। मंदिर के महंत ने बताया कि श्रवण मास के प्रत्येक सोमवार को विशेष पूजा और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन भारत-नेपाल की सांस्कृतिक एकता और श्रद्धा की मिसाल बना हुआ है।

# पीएचसी पर डॉक्टर व फार्मासिस्ट रहे नदारत

## वार्ड बॉय वह स्टाफ नर्स कर रहे ओपीडी, दे रहे दवा

- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चल रहा राम भरोसे
- मरीजो के स्वास्थ्य के साथ हो रहा खिलवाड़

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर/कैसरगंज, बहराइच। विकासखंड कैसरगंज के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोड़ाहिया नंबर 1 राम भरोसे चल रहा है क्योंकि वहां तैनात डॉक्टर सरोज वह फार्मासिस्ट अस्पताल का दर्शन करने भी नहीं आते हैं और वहां वार्ड बॉय व स्टाफ नर्स द्वारा आए हुए मरीज की समस्याओं के अनुसार दवा लिखकर वितरण किया जा रहा है और ओपीडी को संचालित किया जा रहा है प्राप्त जानकारी के अनुसार जब कोई मरीज अपनी समस्या के अनुसार दवा लेने के लिए अस्पताल जाता है तो वहां तैनात वार्ड बॉय डॉक्टर किशोर को अपने दूरभाष से संपर्क करते हैं और उनके द्वारा बताइ गई दवा को देकर ओपीडी का संचालन करते हैं और वहां पर सरकारी पर्चा भी नहीं है।न ही डाक्टर अस्पताल में उपस्थित रहते हैं न ही फार्मासिस्ट इसलिए मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है अब ऐसे में प्रदेश सरकार के समय-समय पर दिए गए आदेशों का उल्लंघन करके आखिर ऐसे डॉक्टर क्या साबित करना चाहते हैं यह सवाल खड़ा हो रहा है बरसात के मौसम में ऐसे पीएससी जो क्षेत्र बाढ़ प्रभावित है वहां के मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करना कितना उचित है यह भी बड़ा सवाल बना हुआ।

**क्या बोले तैनात डाक्टर सरोज**

डॉक्टर सरोज से दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि हम नहीं आते हैं तो हमारी सैलरी हमको नहीं मिलेगी इससे ज्यादा हमारे साथ कोई कुछ नहीं कर पाएगा बाकी जिसको जो करना है वह कर सकता है।

**क्या बोले अधीक्षक कैसरगंज**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज के अधीक्षक डॉक्टर एनके सिंह से इस सभी विषय पर वार्ता किया गया तो उन्होंने बताया कि मैं जांच करवा रहा हूं और जांच करवाने के बाद जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# कतर्नियाघाट में संदिग्ध परिस्थितियों में फिर मिला तेंदुए का शव

## तथ्य छिपाने के लिए मीडिया को बयान देने से बचते रहे अधिकारी



अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में तेंदुए का शव बरामद हुआ है। तेंदुए के शव की संदिग्धता को छिपाने के लिए अधिकारी मीडिया से दूरी बनाते रहे वन क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र श्रीवास्तव व एसडीओ संतोष कुमार ने फोन तक रिसीव नहीं किया।कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के निशानगाड़ा वन रेंज क्षेत्र में एक मृत तेंदुए का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ।वन विभाग को सूचना मिलने के काफी देर बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शव को कब्जे में लिया और रेंज कार्यालय ले आई।वन विभाग ने वही पुराना राग अलापते हुए आपसी संघर्ष बताया है जबकि मौत संदिग्ध लग रही है।

# कागजों पर ही दिख रहा रामपुर धोबिया का विकास

## कौन है जिम्मेदार? कब मिलेगी समस्या से निजात?

अमन लेखनी समाचार/आर एन तिवारी



शिवपुर, बहराइच। देश का भविष्य कहे जाने वाले नन्हे स्कूली बच्चों को स्कूल पहुंचने से पूर्व पार करनी होती है कीचड़ की नदी। जिले के विकासखंड शिवपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया हार का धरातलीय विकास देख आप भी रह जाएंगे दंग। यहां धरातल पर ऐसा हुआ विकासकार्य कि प्राथमिक विद्यालय पहुंचने से पूर्व नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों को पार करनी होती है कीचड़ की नदी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के इस मुख्य मार्ग पर घुटनों तक का जल भराव होता है। जिससे बगल के बने घरों में भी बरसात का गंदा पानी घुस जाता है। वहीं पैरों से दिव्यांग का घर भी है जिसे आने-जाने में बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की आवाज पर सप्ताहों पूर्व घुटनों तक के जल भराव में ग्राम पंचायत सचिव द्वारा दो ट्रालियां राविश की गिरवा दी गई थी जिससे जल भराव की स्थिति तो समाप्त नहीं हुई बल्कि सड़क कीचड़ की नदी अवश्य बन गई। अब इसी रास्ते से राहगीरों सहित नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों को स्कूल जाना होता है, जिसमें गिरकर कभी उनका बैग, किताबें, ड्रेस बेकार होती है तो कभी उन्हें चोट भी लगती है। एक ओर डबल इंजन सरकार विद्यालयों के कायाकल्प पर लाखों करोड़ों का बजट खर्च कर रही है तो वहीं दूसरी ओर नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों को विद्यालय पहुंचने से पूर्व कीचड़ की नदी को पार करना होता है जो की बेहद शर्मनाक है। सरकार द्वारा दिए गए ग्रामोत्थान के पैसों का बंदरबांट कर मात्र कागजों पर हुआ है यहां का विकास कार्य। क्या यही धरातलीय विकास है? यदि नहीं तो कब नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों, दिव्यांगों व ग्रामीणों को कीचड़ की नदी पार करने से निजात मिलेगा।

# गुमशुदा व्यक्ति को पुलिस ने 3 घंटे में सकुशल किया बरामद, परिजनों को सौंपा

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। थाना रुपईडीहा पुलिस ने त्वरित व प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक गुमशुदा व्यक्ति को मात्र तीन घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सौंप दिया। इस सराहनीय कार्य से क्षेत्रीय नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूती से कायम हुआ है। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के अनुसार, 11 जुलाई को थाना क्षेत्र के ग्राम पचपकड़ी निवासी राकेश कुमार यादव उम्र 45 वर्ष पुत्र स्व. उदयराज यादव के अचानक लापता हो जाने की सूचना परिजनों द्वारा दी गई थी। सूचना मिलते ही मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में चौकी प्रभारी शिवपुर मोहरनिया अशोक कुमार और हेड कांस्टेबल अर्जुन कुमार मौर्य की एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए सक्रियता से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। लगातार प्रयासों और तकनीकी संसाधनों की मदद से गुमशुदा व्यक्ति को केवल तीन घंटे में सकुशल खोज निकाला गया। आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं की पूर्ति के उपरांत राकेश कुमार यादव को उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।




# विद्यालय विलय को लेकर ग्रामीणों में दिखा आक्रोश

## यदि कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं तो शिक्षा से वंचित होंगे बच्चे

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। विकासखंड नवाबगंज अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पलटनपुरवा के विलय को लेकर ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों द्वारा रोष व्यक्त किया गया। शासन के आदेशानुसार ब्लॉक नवाबगंज में कुल 15 विद्यालयों का विलय दूसरे विद्यालय में कर दिया गया। जिससे कि वहां के बच्चों को 2 से 3 किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है। बच्चों के अभिभावकों ने कहा कि यदि कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई तो बच्चों की पढ़ाई छुड़वानी पड़ जाएगी। दूर विद्यालय होने के कारण अभिभावकों में बच्चों को लेकर असुरक्षा महसूस हो रही है। विद्यालय के इंचार्ज अध्यापक राजीव सिंह ने कहा कि दूर विद्यालय होने के कारण बच्चों की उपस्थिति में पहले ही दिन काफी गिरावट देखी गई। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ नवाबगंज के मंत्री सुग्रीव वर्मा, कोषाध्यक्ष रजनीश उपाध्याय, अध्यापक राजीव सिंह, लल्लू मौर्य, इंद्राज, आशीष जायसवाल, धर्मेंद्र पाल, राज बहादुर निषाद, लोकेश, शैलेन्द्र यादव, फूलचंद्र, नीरज वर्मा, श्वेता शर्मा, प्राची शर्मा, सोनम तोमर, ग्रामीण राम सेवक, राम अभिलाख, रोशन, मालती सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# थाना समाधान दिवस पर सुनी गई जन समस्याएं

### कई मामलों का मौके पर निस्तारण

अमन लेखनी समाचार




रुपईडीहा, बहराइच। स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय नागरिकों की विभिन्न शिकायतें सुनी गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने की। समाधान दिवस के दौरान पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कई मामलों में मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि अन्य शिकायतों को आवश्यक जांच और कार्यवाही के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंपा गया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनता की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और न्यायपूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि हर शिकायतकर्ता के साथ संवेदनशीलता से पेश आएं और त्वरित कार्रवाई करें। उल्लेखनीय है कि थाना समाधान दिवस प्रत्येक माह के द्वितीय और चतुर्थ शनिवार को आयोजित किया जाता है, जिसमें क्षेत्र के नागरिक अपनी शिकायतें लेकर सीधे पुलिस अधिकारियों से मिलते हैं।

# विभिन्न शिक्षक समस्याओं को लेकर आरएसएम ने बीएसए को सौंपा पत्र

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र प्रेषित करके स्वेक्षा से अंतः जनपदीय स्थानांतरण/ समायोजन में स्थानांतरित हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं की मानव संपदा आईडी पर स्थानांतरण/ समायोजन की प्रविष्टियों का अंकन करके ससमय उनके स्थानांतरित ब्लॉक/नवीन विद्यालय में स्थानांतरित/स्वीकृत किए जाने की मांग की है।जिससे सभी की ससमय उपस्थिति लॉक हो सके तथा वेतन भुगतान में किसी प्रकार की समस्या न हो। इस सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया है कि मानव संपदा सहित सभी उक्त कार्य ससमय पूर्ण करवाने हेतु आश्वस्त किया है।

### रवण मास को लेकर मुस्तैद हुई रुपईडीहा पुलिस, सीमा क्षेत्र में की गश्त

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। श्रवण मास में नेपालगंज स्थित बागेश्वरी मंदिर में भगवान खडेश्वर महादेव के दर्शन व जलाभिषेक के लिए भारतीय श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए रुपईडीहा पुलिस सतर्क हो गई है। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नेपाल सीमा, मंदिरों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सघन गश्त की। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस कर्मियों को सतर्कता व सौहार्द बनाए रखने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी ने बताया कि सावन में श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ने से सीमाई क्षेत्रों में पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।

# सरकार के निर्देशों को नहीं मान रहे कोटेदार, जनता परेशान

अमन लेखनी समाचार



रिसिया/बहराइच। विकासखंड रिसिया अंतर्गत मटेरा और भौखारा क्षेत्र के कोटेदार खाद्यान्न में यूनिट पे कम दे रहे हैं। ग्रामीणों का विरोध भी इन पर कोई असर नहीं डाल रहा है। कुछ यही हाल गांव में जाकर देखने को मिला। ग्रामीण कम खाद्यान्न को लेकर काफी नाराज दिखे, लेकिन कोटेदारों पर कोई असर नही दिख रहा है। परेशान लोगों ने जल्द कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई करने को बोला। विकासखंड रिसिया के अधिकतर कोटेदारों ने राशन कटौती का नियम बना लिया है। यही हाल मटेरा क्षेत्र लगभग सभी ग्राम पंचायत के कोटेदारों का है। जहां गरीबों के पेट पर डाका डालते हुए कोटेदारों द्वारा कार्डधारकों प्रति यूनिट से एक किलो राशन की कटौती का नियम बनाया गया है। ताजा मामला ग्राम पंचायत ऐलासापुर अगैया और मटेरा परसा खरगमन का है जहां पर सूबे के मुखिया के फरमान कि धज्जियां कोटेदार उड़ा रहे हैं। ऐलासापुर अगैया और भौखारा परसा खरगमन के करीब एक दर्जन गांवों के गरीब कार्डधारकों के प्रति यूनिट से कोटेदार एक किलो राशन की कटौती जबरन कर रहे है। कार्डधारकों ने बताया कि कोटेदार हर बार राशन वितरण के दौरान सभी कार्डधारकों के प्रति यूनिट से एक किलो राशन की कटौती कर रहे हैं। जिसका विरोध करने पर कोटेदार लोगों से रुआब से पेश आते हैं। इस मामले में सप्लाई इंस्पेक्टर रिसिया से बात करने पर उन्होंने बताया कि कार्डधारकों द्वारा अगर शिकायत की गई तो जांच कर कार्यवाही की जाएगी। जनता का कहना है कि यह इंस्पेक्टर की मिली भगत से काम चल रहा है।

## संक्षेप

### दहेज में प्लॉट और फॉर्च्यूनर की मांग

**ग्रेटर नोएडा में पति-ससुर ने की महिला की हत्या, दोनों गिरफ्तार**

जेवर, ग्रेटर नोएडा के जमालपुर गांव में दहेज के लिए एक महिला की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। मृतका के भाई भोलू ने बताया कि उनकी बहन पूजा की शादी 5 साल पहले विनय से हुई थी। ससुराल वाले दहेज में फॉर्च्यूनर कार और प्लॉट की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर पूजा को प्रताड़ित किया जाता था। 8 महीने पहले आरोपी पूजा को मायके छोड़कर चले गए थे। 27 जून को माफी मांगकर उसे वापस ससुराल ले गए। मंगलवार को दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर आरोपियों ने पूजा का गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने पति विनय और ससुर सुंदर को दनकौर रेलवे रोड से गिरफ्तार किया है। इस मामले में सास सुरेश, जेठ कपिल, जेठानी बबली और ननद स्वाति भी आरोपी हैं। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### कांवड़ मेला तैयारियों का निरीक्षण

**ग्रेटर नोएडा के नानकेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे डीएम, सुरक्षा व्यवस्था के दिए निर्देश**

जेवर, ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा क्षेत्र में आगामी कांवड़ मेले की तैयारियां जोरों पर हैं। जिला अधिकारी मनीष वर्मा ने भाईपुर स्थित नानकेश्वर महादेव शिव मंदिर का दौरा किया। उनके साथ एसडीएम अभय कुमार सिंह और एसीपी जेवर सार्थक सैगर भी मौजूद रहे। डीएम ने मंदिर परिसर में साफ-सफाई और शिव भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने यमुना एक्सप्रेसवे से मंदिर तक जाने वाले धनपुरा मार्ग की मरम्मत के आदेश दिए। साथ ही सभी मार्गों पर पर्याप्त रोशनी और सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए। नानकेश्वर महादेव शिव मंदिर में 20 जुलाई से तीन दिवसीय मेला शुरू होगा। प्रशासन ने इसकी तैयारियां आरंभ कर दी हैं। निरीक्षण के दौरान मेला कमेटी के अध्यक्ष राजेश प्रधान, अशोक, मुकेश शर्मा और गजराज सिंह भी उपस्थित रहे।

### परिवार पर गिरा पेड़, बाप-बेटी की मौत

**बाइक से घर जा रहे थे, तभी हुआ हादसा; पत्नी की हालत नाजुक**

मेरठ , परीक्षितगढ़ रोड पर पेड़ गिरने से बाइक सवार परिवार घायल हो गया। हादसे में तीन साल की बच्ची और पिता की मौत हो गई। जबकि मां की हालत नाजुक है। मवाना के मौहल्ला कल्याण सिंह अटोरा रोड़ निवासी आवेश अपनी पत्नी शहजादी व ढाई साल की बेटी निदा के साथ अपाचे बाइक से अपनी ससुराल शाहजहांपुर जा रहे थे। जैसे ही वे ततीना मोड के पास पहुंचे तभी विशालकाय पेड़ उनकी मोटरसाइकिल के ऊपर आ गिरा। जिससे तीनों घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने कर थाना मवाना की पीआरवी घटनास्थल पर पहुंची। घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी पहुंचाया।

# बरामद नर कंकाल मामले का पुलिस ने किया खुलासा, हत्यारोपी दंपति गिरफ्तार

**अभियुक्तों की निशानदेही पर आलाकत्ल सामग्री, मृतक की बाइक व मोबाइल बरामद**

अमन लेखनी समाचार




बकेवर/फतेहपुर। बकेवर पुलिस ने युवक की हत्या में पंजीकृत अभियोग का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त दो अभियुक्त पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। वही अभियुक्तो की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल व मृतक की मोटरसाइकिल एव अन्य संबंधित सामान बरामद किया गया है। घटना चार दिन पहले की है जब थाना बिन्दकी/बकेवर सीमा अन्तर्गत एक युवक का बरामद मानव कंकाल पर थाना बिन्दकी में सूचना पर अज्ञात पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। वही विवेचना में सुरागरसी के क्रम में अज्ञात कंकाल की शिनाख्त राहुल पटेल पुत्र रंगपाल उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम कसियापुर थाना जाफरगंज जनपद फतेहपुर के रूप में हुई तथा संकलित साक्ष्य से घटना में अभियुक्तगण राम भवन पुत्र स्वर्गीय छोटेलाल उम्र करीब 40 वर्ष, व उसकी पत्नी सरिता उम्र करीब 38 वर्ष निवासीगण बंबी गली बकेवर कस्बा की सलिप्तता प्रकाश में आयी। जिन्हें पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बकेवर के निकट से गिरफ्तार कर अभियुक्तगण से पूछताछ के क्रम में उनकी निशादेही पर मृतक राहुल पटेल की कटी हुई मोटर साइकिल, दो चश्मा, एक क्षतिग्रस्त मोबाइल, बेल्ट व रस्सी, बांका, आरी सहित मृतक के बाल की बरामदगी करते हुए विधिक अनुक्रम में गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय भेजा जा रहा है। वही गिरफ्तार आरोपियों में हत्या कर सिर को धड़ से अलग करने की बात कबूली है।

हत्या की वजह पैसों का लेनदेन व अवैध सम्बंध बताया जा रहा है। वही गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक श्याम सुन्दर लाल श्रीवास्तव थाना बकेवर जनपद फतेहपुर, उ0नि0 रवि शंकर, का0 अजीत कुमार यादव, का0 सन्दीप चौधरी, म0का0 मिकी थाना बकेवर जनपद फतेहपुर रहे।

# हनुमान मूर्ति को अपमानित करने का विडियो वायरल करने वाला युवक गिरफ्तार

संवाददाता





जहानाबाद/ फतेहपुर। जहानाबाद थाना क्षेत्र के गाँव जवाहर पुर में रील बनाने की सनक में अंधा हुआ युवक हनुमान जी प्रतिमा को पैरों से रौंदने का वीडियो बना कर सोशल मीडिया में वायरल करने पर पुलिस ने उसके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई कर गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। थाना क्षेत्र के कृपालपुर के मजरे जवाहरपुर निवासी पंकज जाटव रिंद नदी के समीप स्थित हनुमान जी की प्रतिमा को पैरों से रौदने का वीडियो बना कर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। हलांकि वायरल वीडियो का समाचार पत्र पुष्टि नहीं कर रहा है। जिसमें वायरल वीडियो मे रिंद नदी के किनारे खुले जगह पर रखे हनुमान जी की प्रतिमा पर पैरों से रौदते हुये युवक दिखाई दे रहा है। सोशल मीडिया में वायरल होने पर पुलिस ने संज्ञान लेकर उसे घर से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया पंकज जाटव के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई कर गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है जहाँ से उसे 14 दिन के लिए जेल भेज दिया गया है।

# पेंट कंपनी की बाल्टी में धमाका, 5 झुलसे

**1केएम तक सुनाई दी आवाज, साथी कर्मी लेकर अस्पताल भागे**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, सेक्टर-8 स्थित पेंट कंपनी में पेंट मिक्सिंग बाल्टी फट गई। इसमें 5 कर्मी घायल हो गए। इन कर्मियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी की हालत खतरे से बाहर है। इनका इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि सेक्टर-8 में एक पेंट बनाने वाले कंपनी हे। यहां पेंट मिक्सिंग बाल्टी में स्पार्क हो गया। जिससे इसमें आग लग गई। इस बाल्टी को कंपनी से बाहरी निकाला जा रहा था। प्रेशर ज्यादा होने की वजह से बाल्टी में ब्लास्ट हो गया। इसे बाहर ले जा रहे पांच वर्कर इसकी चपेट में आ गए। जिससे वे घायल हो गए। उनके हाथ और चेहरे पर चोट लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। थाना फेज-1 मौके पर पहुंची और तत्काल पांचों कर्मियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां पांचों की हालत खतरे से बाहर है। साथ ही मौके पर पुलिस और अन्य कंपनी के शीर्ष अधिकारी जांच पड़ताल कर रहे है। सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि ये कंपनी एफ- 20 सेक्टर-8 में है। यहां पेंट मिक्सिंग का काम होता है। जो ब्लास्ट हुआ वो एक बकेट में हुआ। इस बकेट में सेलेस नाइट्रेट में ज्यादा मात्रा में केमिकल डाला गया। जिसकी वजह से ये ब्लास्ट हुआ था। जिन लोगों ने ये बकेट पकड़ी थी। उन्हीं को चोट आई।

# युवक की करंट लगने से मौत

- पंखा ठीक करते समय हुआ हादसा, 10 दिन पहले पिता का निधन हुआ था

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, फलावदा थाना क्षेत्र के महलका गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। दिल्ली में मिठाई की दुकान पर काम करने वाले 19 वर्षीय कायम अली की करंट लगने से मौत हो गई। कायम अपनी मां के साथ दिल्ली में काम करता था। बारिश के कारण घर का पंखा बंद हो गया। कायम ने बिना किसी मिस्त्री को बुलाए खुद ही पंखा ठीक करने का प्रयास किया। इस दौरान उसे करंट लग गया। परिवार और आसपास के लोग उसे तुरंत मेरठ के ग्लोबल हॉस्पिटल ले गए। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कायम पांच बहनों का इकलौता भाई था। उसकी दो बड़ी बहनों की शादी तीन महीने बाद होनी थी। दस दिन पहले 29 जून को उसके पिता वफादार रिजवी की हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई थी। पिता की मृत्यु के बाद घर की सारी जिम्मेदारी कायम ने संभाली थी। कायम की मृत्यु से परिवार में कोहराम मच गया है। मां फिरदौस और बहनों की हालत बेहद खराब है। जिस घर में तीन महीने बाद खुशियां आने वाली थीं, वहां अब मातम छाया हुआ है।

पिता की मौत हृदयाघात से दस दिन पहले हुई थी।

# दोस्तों की किडनी खराब होने पर दंडवत कावड़ यात्रा

**हरियाणा का नेशनल खिलाड़ी 210 किमी का सफर तय करेगा, हरिद्वार से शुरू की यात्रा**

अमन लेखनी समाचार



बागपत, हरियाणा के सोनीपत के नाहरी गांव के कावड़िया अशोक दहिया और दीपक अपने दो बीमार दोस्तों के लिए हरिद्वार से दंडवत कावड़ यात्रा कर रहे हैं। उनके दोनों दोस्तों की किडनी खराब हो गई है। एक दोस्त को डायलिसिस भी करवाना पड़ रहा है। कबड्डी और बॉडी बिल्डिंग के नेशनल खिलाड़ी अशोक दहिया ने बताया कि वे अब तक गौमुख समेत 28 कावड़ ला चुके हैं। इस बार उन्होंने अपने दोस्तों के स्वास्थ्य लाभ के लिए 210 किलोमीटर की दंडवत यात्रा शुरू की है। यात्रा के दौरान बागपत के दाहा गांव में ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। कावड़ियों की इस यात्रा में विकास, अमन, दीपक शर्मा, विशाल, बंटी और हर्ष ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ सहयोग कर रहे हैं। अशोक और दीपक को भरोसा है कि भोले बाबा उनके दोस्तों को जल्द स्वस्थ कर देंगे। यह यात्रा दोस्ती की एक अनूठी मिसाल बन गई है।

# फर्जी आईएसओ सर्टिफिकेट बेचने वाला गिरोह पकड़ा

- ग्रेटर नोएडा में 6 उच्च शिक्षित आरोपी गिरफ्तार, 68 लाख की धोखाधड़ी का मामला

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा में फर्जी आईएसओ सर्टिफिकेट और ब्रांडिंग के नाम पर कंपनियों को ठगने वाले गिरोह का पदार्फाश हुआ है। बिसरख पुलिस ने इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने तीन वर्ष पूर्व सेक्टर 63 में 'डिस्ट्रीब्यूटर्स चैनल भारत' नाम से कंपनी स्थापित की थी। ये कंपनी मालिकों को उत्पादों की बिक्री बढ़ाने और अधिक मुनाफे का लालच देते थे। साथ ही फर्जी आईएसओ सर्टिफिकेट भी प्रदान करते थे। एक पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की। आरोपियों ने शिकायतकर्ता से 3.28 लाख रुपए की ठगी की थी। पुलिस ने मयंक तिवारी, विकास शर्मा, प्रदीप कुमार यादव, अविनाश गिरी, प्रदीप यादव और केशव को हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपियों से 9 लैपटॉप, 9 टैब, मोबाइल फोन और फर्जी आईएसओ सर्टिफिकेट जब्त किए हैं। जांच में सामने आया है कि गिरोह ने अब तक सैकड़ों लोगों को ठगा है। कुल मिलाकर 68 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई है। सभी आरोपी बीटेक, एमबीए और एमसीए जैसी उच्च शैक्षणिक योग्यता रखते हैं। ये कंपनियों को फर्जी डेटा दिखाकर विश्वास में लेते थे और फिर धोखाधड़ी करते थे।

# पत्नी के अवैध संबंध बने मौत का कारण

**अवैध संबंध के चलते पति ने पत्नी की चाकू से गोद कर की हत्या, 1 महीने पहले ही मेरठ से आया था**

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद, थाना टीलामोड़ क्षेत्र में पत्नी की चाकू मारकर हत्या करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस दिल दहला देने वाली वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी के मुताबिक, दिनांक 9 जुलाई 2025 को थाना टीलामोड़ पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। वहां पता चला कि आरोपी आमिर ने अपनी पत्नी नाजमा की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया कि आरोपी आमिर को अपनी पत्नी नाजमा के चरित्र पर शक था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। हत्या से एक महीने पहले ही आरोपी आमिर मेरठ से गाजियाबाद आया था। दोनों पति-पत्नी पिछले दो वर्षों से अलग रह रहे थे। नाजमा के पास उनके दो बच्चे रहते थे जबकि तीन बच्चे आमिर के पास थे। घटना वाले दिन दोनों के बीच फिर से विवाद हुआ और गुस्से में आकर आमिर ने चाकू से वार कर नाजमा की हत्या कर दी। मकान मालिक ने आमिर को नाजमा पर हमला करते हुए देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने तक नाजमा की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी आमिर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया और बताया कि हत्या के बाद उसने खून से सना हुआ चाकू वाशिंग मशीन में छिपा दिया था।

पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चाकू भी बरामद कर लिया है। आरोपी आमिर के खिलाफ थाना टीलामोड़ में मृतका की बहन की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और आगे की जांच जारी है।

# यमुना प्राधिकरण की घटिया सड़क पर अनोखा विरोध

**दनकौर में टूटी सड़क के जलभराव में लगाए धान और पेड़**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, यमुना प्राधिकरण द्वारा दनकौर में बनाई गई सड़क की खराब गुणवत्ता के विरोध में करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने अनोखा प्रदर्शन किया। संगठन के कार्यकताओं ने गुरुवार को सड़क पर जमा पानी में धान और पेड़ रोप दिए। यह सड़क दनकौर देहात और बिलासपुर क्षेत्र के सैकड़ों गांवों को यमुना एक्सप्रेस-वे और नोएडा-दिल्ली मार्ग से जोड़ती है। कुछ महीने पहले ही बनी यह सड़क पूरी तरह टूट गई है। अब यह तालाब में तब्दील हो गई है। संगठन के प्रदेश महासचिव मास्टर दिनेश नागर के अनुसार, टूटी सड़क और जलभराव के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इससे लोगों की जान और माल का नुकसान हो रहा है। कार्यकताओं ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही सड़क का पुनर्निर्माण नहीं कराया गया और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे यमुना प्राधिकरण के खिलाफ आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष प्रेम प्रधान, राकेश नागर, सूबेदार दुलीचंद नागर समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बाल संरक्षण और यौन शोषण के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम

**गाजियाबाद में गुरु पूर्णिमा पर चुप्पी तोड़-हल्ला बोल अभियान, बच्चों और गुरुओं का सम्मान**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , साहिबाबाद थाने के बाल मित्र केंद्र पर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाधान अभियान और इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में चुप्पी तोड़-हल्ला बोल अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। चौधरी बिशन सिंह इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने गुरु वंदना, कविताएं और निबंध प्रस्तुत किए। बच्चों ने गुरुओं के महत्व और बाल सुरक्षा पर अपने विचार रखे। भारत विकास परिषद गाजियाबाद की मुख्य शाखा के अध्यक्ष अक्षय भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समाधान अभियान के संस्थापक डॉ. सतीश चंद्र पांडे और संस्थापिका श्रीमती अर्चना अग्निहोत्री ने कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि गुरु केवल ज्ञान के स्रोत नहीं हैं। वे समाज में नैतिकता, सद्भाव और संस्कारों के संवाहक भी हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बाल संरक्षण, बाल यौन शोषण और हिंसा के खिलाफ आवाज उठाना था। इस मौके पर बाल मित्र केंद्र में बच्चों और गुरुजनों को सम्मानित भी किया गया।

# डिबाई में बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

- इंजेक्शन लगने के बाद गिरे, परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, कोतवाली क्षेत्र के गांव दोगवां निवासी करीब 70 वर्षीय नेत्रपाल सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों ने अस्पताल पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है। मृतक के नाती मोहित कुमार ने भावुक स्वर में बताया कि मेरे बाबा अपने छोटे-छोटे काम खुद करते थे। सुबह पंजाब नेशनल बैंक कर्णवास में 36,000 जमा करने गए थे। जब लौटे तो सोचा था दवा ले लेंगे, ताकि कुछ राहत मिले। लेकिन किसे पता था कि ये उनका आखिरी सफर बन जाएगा। मोहित ने बताया कि डिबाई के कर्णवास रोड पर स्थित डॉ. विमल के अस्पताल में बाबा दवा लेने मेरे साथ गए थे। वहां उन्हें एक इंजेक्शन लगाया गया। हम अस्पताल से बाहर भी नहीं निकले थे कि बाबा वहीं गिर पड़े। मुंह से झाग निकलने लगा। हम समझ ही नहीं पाए कि क्या हो गया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में सही इलाज देने की बजाय गलत इंजेक्शन लगा दिया। जल्दबाजी में उन्हें ई-रिक्शा में डालकर डिबाई रेलवे रोड स्थित मां संतोषी हॉस्पिटल भेज दिया गया। वहां डॉक्टरों ने देखते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मृतक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने परिजनों से तहरीर लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। परिजनों का कहना है कि हमने अपने परिवार का सहारा खो दिया। अस्पताल की लापरवाही ने हमारे घर का बुजुर्ग, बच्चों का दादा और पूरे परिवार का साया छीन लिया। अब हम न्याय चाहते हैं, ताकि आगे किसी और के साथ ऐसा न हो। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में युवक की मौत


अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर ।भीषण बारिश के चलते एक युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया जिसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल लाया गया जबकि घायल हुए युवक की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही शुरू कर दी है मध्यप्रदेश के चंदला निवासी विनोद कुमार पटेल(30)पुत्र हल्कू पटेल नेशनल हाईवे पर खन्ना के पास सड़क हादसे का शिकार हो गया जिसे एम्बुलेंस के द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर युवक की मौत हो गई ।अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्यवाही शुरू कर दी है जबकि मृतक के परिजनों को सूचना दी गई कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है

## बारिश से उफनाए नाले मंदिरों, दुकानों में घुसा गंदा पानी

### यदि कावड़ यात्रा के समय वर्षा हुई तो क्या होगा श्रद्धालुओं का हाल??

अमन लेखनी समाचार





गुरसरांय, झाँसी। 12 जुलाई शनिवार को बारिश से जल निकासी का सही तरीके से प्रबंध न होने के चलते रास्ते व सडकें जलमग्न हो गई। कहीं किसी की गाड़ी फंस गई तो कहीं किसी को गंदे पानी से पैदल ही गुजरना पड़ा ।आलम यह था कि जलभराव के चलते गंदा पानी लोगों के घरों में घुसने लगा वहीं नगर के खेरापति हनुमान जी मंदिर में भी गंदा पानी घुस गया जिससे यहां श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना करने में परेशानी पैदा हो गई है ।जिसके चलते लोग व्यवस्था को कोसते नजर आ रहे हैं। महीनों से जाम नाले में वर्षा का पानी जाते ही कचरा सड़क पर फैल गया। जगह-जगह पानी जमा होने से लोगों का सड़क पर पैदल पर चलना दूभर हो गया है ।लोगों का कहना है कि आगे अब जब बरसात लगातार होगी तो स्थिति और भी बदतर होगी। सावन माह प्रारंभ हो चुका है नगर में कावड़ यात्रा भी निकाली जाती हैं यदि अगर यही हालत रहे तो कावड़ यात्रा के समय वर्षा हुई तो नगर में कावड़ यात्रा में श्रद्धालुओं को गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर होना पड़ेगा ।शासन द्वारा बारिश के मौसम में संक्रामक रोगों से बचाव के लिए नालियों तथा नालों की सफाई कर छिड़काव करने के निर्देश दिए गए थे,लेकिन शासन के इस निर्देश का पालिका प्रशासन पर कोई फर्क नहीं पड़ा। जिसका परिणाम यह रहा कि बरसात ने नगर पालिका के व्यवस्थाओं को उजागर कर दिया है। बारिश के बाद यहां का नजारा देखकर आप हैरान हो जाएंगे। नालियों का गंदा पानी पालिका की प्रमुख सड़कों पर बह रहा है। लोग इसी गंदे पानी से गुजर रहे है। जगह-जगह जलभराव होने के कारण संक्रामक रोगों के फैलने की प्रबल आशंका हो गई है। बरसात से पहले पालिका प्रशासन द्वारा नालियों व नालों की सफाई न किए जाने से नालियों का पानी अब लोगों के घरों में घुसने लगा है। यह हाल तब है जब शासन से लेकर प्रशासन तक के अधिकारी बरसात से पहले पालिका प्रशासन को व्यवस्था चाक-चौबंद करने के निर्देश पहले ही दे चुके थे। लेकिन कागजों में सफाई होने के कारण अब व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। लचर व्यवस्था के कारण बजरिया मे नाली का पानी सड़कों पर एवं दुकानों में प्रवेश कर जाता है। पिछले साल भी लोगों की दुकानों में पानी भर गया था जिससे व्यापारियों का काफी नुकसान हो गया था ।लोगों ने बताया कि सड़क के किनारे बने नाले की नियमित सफाई नहीं होने के कारण बराबर नाला जाम रहता है और बारिश होने के कारण नाली का पानी सड़कों पर आ जाता है। स्थिति यह है कि नगर पालिका द्वारा समय पर नालों की सफाई ठीक से नहीं करने का नतीजा यह हुआ है कि गंदा पानी सड़क पर आ गया है, इससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका क्षेत्र की बात करें तो नगर के मातवाना, बजरिया, पटकाना, पाएगा, टीचर्स कॉलोनी, गाँधीनगर, कटरा बाजार, नई बस्ती सहित अन्य मुहल्लों मे जरा सी बारिश के बाद सड़कें और नालियां कीचड़ एवं जलमग्न हो गयी। स्थिति यह है कि नगर पालिका द्वारा समय पर नालों की सफाई ठीक से नहीं करने का नतीजा यह हुआ है कि गंदा पानी सड़क पर आ गया है इससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिवर्ष नगर पालिका द्वारा लाखों रुपए साफ-सफाई व छिड़काव के नाम पर खर्च किया जाता है। फिर भी व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। नगर वासियों का कहना है कि कई बार पालिका प्रशासन से नालियों की सफाई तथा कीटनाशक दवाओं के छिड़ ?काव के लिए कहां गया। लेकिन पालिका द्वारा कुछ प्रमुख जगहों पर थोड़ा बहुत छिड़काव करके अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली गई। गली मोहल्लों में छिड़काव न होने के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। कस्बे के जागरुक लोगों ने जिला प्रशासन से इस संबंध में जल्द कार्रवाई की मांग की है।

## धान रोपाई करने आए मजदूर की आकाशीय बिजली गिरने से हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर ।थाना क्षेत्र के शिवनी गांव में बांदा जनपद से धान की रोपाई करने आए मजदूर की शाम चार बजे के लगभग बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। वही चार मजदूर झुलस कर घायल हो गए। जिनका उपचार सी एस सी में चल रहा है वही मृतक का पंचनामा भरकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के शिवनी गांव निवासी माताप्रसाद यादव के खेत में धान की रोपाई करने के लिए बांदा जनपद से आठ मजदूर एक सप्ताह पहले आए थे। जो कि माता प्रसाद के निजी नलकूप में रहकर धान की रोपाई करते थे। आज शाम चार बजे पानी बरसने के दौरान तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली खेत में धान की रोपाई कर रहे मजदूरों के ऊपर गिर गई जिसमें एक मजदूर प्रमोद उर्फ पिंटू रैदास उम्र 30 वर्ष पुत्र भुरुवा निवासी जुगरेली थाना बबेरू जनपद बांदा की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। तथा सुनील कुमार 28 वर्ष पुत्र रग्घू , निर्मला 40 वर्ष पत्नी सुरेश कुमार, ललित 20 वर्ष पुत्र सुरेश, सुशील 28 वर्ष पुत्र रामावतार निवासी ग्राम बल्लान थाना अतर्रा जनपद बांदा घायल हो गए। सभी को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरारा लेकर आए। जहां घायलों का उपचार चल रहा है। मृतक की पत्नी फूल कुमारी ने बताया कि दो बच्चे है। जिसमें पुत्री शेषा 7 वर्ष व पुत्र चंदन 5 वर्ष है। मजदूरी कर अपने परिवार व बच्चो का भरण पोषण करते थे। अचानक हुई इस घटना से पत्नी बच्चो का रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जिलाधिकारी के आदेश पर गल्ला एवं लकड़ी कारोबारी की करीब चार करोड़ की संपत्ति सीज

### गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में हुई कार्यवाही गैंग लीडर की हो चुकी है मौत

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। जिलाधिकारी के आदेश पर कस्बे के लकड़ी एवं गल्ला कारोबारी के खिलाफ दर्ज हुये गैंगस्टर के मुकदमे में दोबारा संपत्ति कुर्क करने की कार्यवाही शनिवार को पुलिस ने पूर्ण की। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तीन आरोपियों के नाम पर बनाई गई संपत्ति में आरा मशीन, धर्म कांटा, प्लाट मकान, खेत कुर्क किये हैं।

जसपुरा थाना क्षेत्र के गौरी कला गांव निवासी स्व. शिव प्रकाश उर्फ सोनू गुप्ता का कस्बे में गल्ला के साथ लकड़ी का कारोबार है। इस कारोबार में उसका भाई प्रांशु गुप्ता, मित्र रमाकांत गुप्ता पार्टनर है। इन तीनों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही कुरारा पुलिस द्वारा की गई थी। नवंबर 2024 में कुरारा पुलिस ने सुमेरपुर पुलिस के साथ मिलकर सुमेरपुर के अलावा जसपुरा में करीब 4 करोड़ की संपत्ति कुर्क की थी। इस कार्यवाही को अभियुक्तों ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय के आदेश पर प्रशासन ने कुर्क संपत्ति को मुक्त कर दिया था। उस समय तत्कालीन जिलाधिकारी राहुल पांडे ने उनके खिलाफ दुबारा गैंगस्टर एक्ट लगाने के आदेश दिए थे। इसके बाद अब दुबारा इस संपत्ति को कुर्क किया गया है। कुर्क संपत्ति में अब सोनू गुप्ता की जगह गीता गुप्ता का नाम दर्ज हो चुका है। इस बार संपत्ति कुर्क की कार्यवाही में सोनू गुप्ता की जगह उसकी पत्नी गीता गुप्ता, प्रांशु गुप्ता, उमाकांत उर्फ बाबा गुप्ता का नाम शामिल किया गया है। कुर्की के दौरान प्रांशु गुप्ता, उमाकांत उर्फ बाबा गुप्ता भी मौजूद रहे। बता दें कि सोनू गुप्ता की कैंसर के चलते 4 जनवरी 2025 को मौत हो चुकी है। उमाकांत गुप्ता ने प्रशासन पर परेशान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह कार्यवाही के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटायेंगें। प्रशासन की यह कार्यवाही कस्बे में चर्चा का विषय बनी हुई है। प्रशासन ने उद्योग नगरी में संचालित आरा मशीन, धर्म कांटा, मकान, हमीरपुर मार्ग स्थित प्लाट के अलावा जसपुरा में संचालित धर्म कांटा, प्लाट आदि सीज किया है। कुर्क की गई संपत्ति की कीमत 3 करोड़ 97 लाख 72 हजार 174 रुपए है। कुर्की के दौरान एसडीएम सुकुमा प्रसाद विश्वकर्मा, सीओ सदर राजेश कमल, कुरारा थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति, सुमेरपुर थानाध्यक्ष अनूप सिंह के अलावा भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## फीता काटकर डॉ. संदीप ने किया जय महाकाल मेडिकल स्टोर का शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



झाँसी। जनपद के भट्टागांव स्थित सिंगर्रा पुलिया के पास जय महाकाल मेडिकल स्टोर का भव्य उद्घाटन हुआ। उद्घाटन करने संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ० संदीप सरावगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ० संदीप के आगमन पर तिलक व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर मेडिकल स्टोर का उद्घाटन किया गया। डॉ० संदीप ने मेडिकल स्टोर की संचालिका शिवानी कुशवाहा और उनके परिजनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा स्वास्थ्य जीवन का सबसे बड़ा धन है। एक मेडिकल स्टोर केवल दवाइयों का स्थान नहीं होता, बल्कि यह लोगों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और जीवन से जुड़ी एक जिम्मेदारी होती है। जिसका उद्देश्य सिर्फ व्यवसाय करना नहीं है, बल्कि जरूरतमंद लोगों को समय पर सही और प्रमाणित दवायें उपलब्ध कराना है। मेडिकल स्टोर की संचालिका शिवानी कुशवाहा ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा यह हमारे लिए बहुत ही गर्व और खुशी का क्षण है कि आज हम उद्घाटन के इस शुभ अवसर पर एकत्र हुए हैं। मैं आप सभी का हृदय से आभार करती हूँ। हमारे परिवार, मित्र, गणमान्य अतिथि और आसपास के सभी शुभचिंतक, जिन्होंने यहाँ आकर इस क्षण को और भी विशेष बना दिया है। हमारी टीम में प्रशिक्षित फार्मासिस्ट मौजूद हैं, जो आपको दवाओं से संबंधित जानकारी भी देंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि हर ग्राहक को सही परामर्श मिले। हमारा आश्वासन है कि हम गुणवत्ता, विश्वसनीयता और सेवा के उच्चतम मानकों को बनाये रखेंगे। मैं अंत में एक बार फिर आप सभी का धन्यवाद करती हूँ कि आपने अपने कीमती समय से आकर इस नए आरंभ में हमारा उत्साह बढ़ाया।इस अवसर पर ऊषा कुशवाहा, वीरेंद्र कुशवाहा, अभय, दीपक, रंजीत श्रीवाश, अभिषेक, सोनू, रक्षा यादव, उदय प्रताप सिंह बुंदेला, यश कुशवाहा, विशाल, विजय, आयुष, स्नेहा कुशवाहा, नरेन्द्र, सपना, वन्दना, निर्मल यादव के साथ संघर्ष सेवा समिति से संदीप नामदेव, महेंद्र रायकवार, बसंत गुप्ता, सुशांत गेड़ा, अरुण पांचाल, राहुल रायकवार, सूरज प्रसाद वर्मा, आशीष विश्वकर्मा, विजय पहारिया, मास्टर मुन्नालाल, राजू सेन, राकेश अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आरक्षण को लेकर सनसहट शुरू

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। पंचायत चुनाव की आहट मिलते ही राजनीतिक लाभ लेने के लिए लोग सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते हुए पोस्ट कर रहे हैं जो जन-जन में चर्चा का विषय बना हुआ है ।ग्रामीण क्षेत्रों की चौपालो में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अभी से ही आरक्षण और तारीखों की कयास लगाई जा रही है ग्रामीण आम जनमानस को लुभाने के मकसद से तरह तरह के योजनाओं को गिनवाते नजर आ रहे है तो वही सोशल मीडिया पर ग्राम प्रधान और सरकारों को बुरा भला कहते हुए वीडियो पोस्ट कर रहे हैं जो आम जनमानस में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी तरह अरतरा गांव निवासी राजू ,संजय ,नीरज, मयंक आदि ने बताया कि विकासखंड अरतरा गांव जो गहराई में बसा हुआ है जिसमें कई गांव के खेतों का पानी बस्ती के अंदर से गुजर कर निकलता है जिससे खेतों का सिल्ट आर सी सी सड़को पर जमा हो जाता है जल भराव जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है यह दशकों से होता चला आया है जो गंभीर विषय जिसका राजनीतिक लाभ लेने के मकसद से गांव निवासी किशन लाल ग्राम प्रधान सहित सरकारों को बुरा भला कहते हुए सोशल साइट पर वीडियो डालकर गांव वालों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रहा है जो गंभीर विषय इसी प्रकार ग्राम प्रधान माहेश्वरीदीन ने बताया कि बरसात से पहले गांव के सभी नालो की सफाई कराई जा चुकी है और चाहे जितनी अच्छा विकास कार्य करवा दे लेकिन खेतों का पानी जब तक गांव के अंदर से गुजरेगा तब तक सिल्ट रास्ता में जमा होती रहेगा इसी प्रकार रामनाथ विकास विद्यालय के जलभराव का वीडियो सोशल साइड में डाला गया है जो सोशल साइट पर विकास के नाम पर डाले गए वीडियो अमर्यादित शब्दों को बोल भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले हैं।

## महिला ने युवक के पुलिस को दिया शिकायती पत्र

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा कि मेरी पुत्री 10जुलाई की शाम पांच वजे स्कूल से आकर बकरियों को चराने के लिये घर से थोड़ी ही दूर ग्राम समाज की भूमि पर बकरियां चरा रही थी तभी गांव का ही ब्रजेश कुमार मेरी पुत्री को अकेला देखकर पास में गया और कहने लगा कि नाले की तरफ नीचे चलो मना करने पर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करने लगा व गंदी बाते करने लगा पुत्री उसकी बात अनसुनी कर वहां से चली आई तो पीछा करते हुये काफी दूर तक उल्टी सीधी बातें करते हुये आया घर के समीप आते देखकर वहां से भाग गया शिकायत करने बाबत उक्त के घर पहुंची परन्तु वहां पर कोई नहीं मिला जानकारी मिलने पर कि मैं वृजेश के घर गई हूं तो उक्त वृजेश सिधू के घर से ही मुझ देखकर गंदी गंदी गालियां देने लगा व कहने लगा कि तुम अपनी पुत्री को मुझसे कब तक बचाओगी कब तक घर के अन्दर रखोगी जहां पर मिलेगी वहीं पर इज्जत उतार दूंगा और अगर इस बारे में कही पर भी तुमने या तुम्हारे पति ने शिकायत की तो तुम्हारा गांव में रहना दूभर कर दूंगा। इन सभी कथनों का उक्त सिद्धू व उसके पुत्र सोन्ने वृजेश का पूर्ण समर्थन किया व पूरा साथ देने का ऐलान किया जिसे मैने खुद सुना प्रार्थिया वहां से चुपचाप चली आई पति मजदूरी के लिये अक्सर बाहर रहता है जिसका फायदा उठाकर व मुझेअकेला देखकर गांव में रहना दूभर किये हैं। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि कोई छेड़खानी नहीं हैं।

## पत्नी से झगड़े पति ने यमुना नदी में लगाई छलांग

### पुलिस गोताखोरो की मदद से युवक के शव की तलाश में जुटी

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। पत्नी से झगड़े के बाद पति ने घर के पास से निकली यमुना नदी में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस गोताखोरों की मदद से युवक के शव की तलाश में जुटी है। सदर कोतवाली क्षेत्र के मेरापुर मुहाल निवासी चंद्रप्रकाश श्रीवास पुत्र नाथूराम (43) ने शनिवार की दोपहर पत्नी रामवती से विवाद के बाद घर के पास से निकली यमुना नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली। मुहल्ले वासियों ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी सूचना पाकर मौके पर पहुँचे परिजन और पुलिस गोताखोरो की मदद से चंद्रप्रकाश के शव को खोजने में जुट गई है। मृतक के भाई संतोष (चौकीदार)ने बताया कि मृतक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था साथ ही शराब पीने का आदी था। बताया कि भाभी से झगड़े के बाद चंद्रप्रकाश यमुना नदी में कूदने की धमकी देकर घर से निकला था। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। मृतक के दो पुत्र प्रांशु 12 वर्ष और अर्जुन 10 वर्ष है।

## दो सप्ताह से खराब पड़ा हैडपंप, पेयजल के लिए लोगों को उठानी पड़ रही भारी परेशानी

अमन लेखनी समाचार

झांसी। कस्वा गुरसराय के वार्ड नंबर 3 ब्लॉक के पीछे परसू कोरी के मकान के बाहर लगा हैडपंप करीब 15 दिन से खराब पड़ा है जिससे मुहल्लावासियों को पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।स्थानीय लोगों का कहना है की मुहल्ले में पानी का टैंकर कभी नहीं आता है। मुहल्ले की परेशानी को देखते हुए कॉन्ग्रेस पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष इकबाल खान ने 1076 पर शिकायत दर्ज कराई और वार्ड के मेंबर द्वारा नगर पालिका में भी लिखित शिकायत दर्ज करवाई लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। जल निगम के जेई हैंडपंप को सही करवाने का आश्वासन देते रहते है, लेकिन उन्हे भी लोगों की परेशानी की कोई फिक्र नही है ।मुहल्ला वासियों ने शीघ्र है हैडपंप को सही करवाने की मांग की है।

## गांव की ओर जाने वाली सड़कें बदहाली पर आंसू बहा रही है

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। गाँव से कस्बा की ओर जाने वाली सड़क खुद अपनी बदहली पर आंसू बहा रही है विकास के नाम पर लाखों खर्च होने के बावजूद भी जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है गांव से कस्बा जाने वाली मुख्य सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गढ़ढो में तब्दील हो गई वहीं से दो पहिया चार पहिया वाहन राहगीर छात्र-छात्राओ को गुजर कर जाना पड़ता है जो ग्रामीणों मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों का कहना है की विकास खंड अधिकारी सहित कई बार बड़े अधिकारियों को इस जर्जर सड़क के बारे में अवगत कराया जा चुका है विकासखंड क्षेत्र के गांव तिन्दुही किशन चंद्र के ग्रामीणों का कहना है कि विकासखंड अधिकारी व जिला स्तरीय तहसील समाधान दिवस पर कई बार इस जर्जर सड़क के बारे में शिकायती पत्र देकर अवगत कराया जा चुका है परंतु किसी जिम्मेदार अधिकारी के कान में जू नहीं रेंग रहा है वही प्रदेश की योगी सरकार का फरमान है प्रत्येक गांव की सड़के गड्ढा मुक्त होनी चाहिए पर जिम्मेदार अधिकारी सरकार के आदेशों को अनदेखा कर रहे हैं इसी गड्ढा युक्त सड़क से दो पहिया चार पहिया वाहन राहगीर छात्र-छात्राएं निकलते हैं जो आए दिन सड़क पर गिर कर चोटिल हो जाते हैं और कापी किताबें कपड़े भीग जाते हैं जिससे स्कूली छात्राएं 15-15 दिन तक स्कूल नहीं जा पाते जिससे उनकी शिक्षा पर सड़क बाधा बन रही है गड्ढा युक्त सड़क पर आए दिन बाइक चालक व बच्चे गिरकर चोटिल हो जाते हैं वहीं अगर किसी ग्रामीण की अचानक तबियत बिगड़ जाए तो कस्बे के अस्पताल तक ले जाना जंग लड़ने के बराबर है या फिर अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में दम तोड़ देता है इतना ही नहीं प्रत्येक गांव में अंत्योष्टि स्थल बनाए जा रहे हैं लेकिन इस गांव में आज तक अंत्योष्टि स्थल नहीं बनाया गया अगर बरसात के समय किसी की मृत्यु हो जाती है तो गांव से 4 किलो मीटर दूर कस्बा ले जाकर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार करना पड़ता है स्थानीय लोगों ने इस संबंध में कई बार बड़े अवधेदारों से अपनी हकीकत बताई फिर भी अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई जिससे ग्रामवासी नरकीय जीवन जीने पर मजबूर हैं वही बड़े-बड़े दावे सिर्फ कागजों पर ही सीमित है जबकि जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है गांव जाने वाली सड़क खेतों जैसी दिखाई दे रही है।

## पशु विभाग की जमीन पर अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम

### दुकानदार ने खुद पर डाला पेट्रोल, अधिकारियों ने बचाया

अमन लेखनी समाचार



अमेठी में पशु विभाग की जमीन पर अवैध अतिक्रमण हटाने गई राजस्व टीम के सामने एक दुकानदार ने खुद को आग लगाने की कोशिश की। यह घटना तब हुई जब नायब तहसीलदार प्रशांत कुमार और लेखपाल प्रभात सिंह मौके पर पहुंचे ।नायब तहसीलदार ने केवल एक दुकानदार की दुकान हटाने की बात कही। इस दुकानदार को पहले भी नोटिस दिया गया था। दुकानदार का आरोप है कि उसे जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। जबकि वहां अन्य दुकानदारों की भी दुकानें अतिक्रमण में शामिल थीं ।राजस्व टीम ने बिना पुलिस बल के अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। इस पर दुकानदार ने मौके पर खड़ी गाड़ी से पेट्रोल निकाला और खुद पर डाल लिया। अधिकारियों ने तुरंत उसे पकड़कर आग लगाने से रोक लिया ।एसडीएम आशीष सिंह के अनुसार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि अस्पताल परिसर और राजकीय आवास की जमीन पर कब्जा करके दुकान चलाई जा रही थी। शनिवार को नोटिस दिया गया था। विवाद के कारण कब्जा नहीं हटाया जा सका।

## सावन मास में गांव की चौपालें सूनी नहीं सुनाई दे रहे हैं सावन के बोल

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। शुक्रवार से सावन मास का आरंभ हो गया है लेकिन गांवों का चौपालों से सावन गीतों के साथ आल्हा गायन गायब है। आधुनिकता की चकाचौंध ने पुरानी परंपराओं में ग्रहण लगा दिया। अमवा के पेड़ के झूले, सिलोर डंडा, पकड़ कबड्डी, कबड्डी सर्रा, कंचा, भौरा घुमाने के खेल गांव के आंगन से नदारत है। सावन मास शुरू होते ही मठ मंदिरों के साथ गांवों की चौपालों में सावन गीतों के साथ आल्हा गायन धूम मचाने लगती थी। यह सब कुछ दो दशक पूर्व तक ज्यों का त्यों चल रहा था लेकिन जैसे ही आधुनिकता की चकाचौंध बढ़ी लोग पुरानी लोक कला से मुंह मोड़ने लगे और आज आलम यह है कि गांव की चौपालें सूनी पड़ी हुई है। सावन शुरू होने के बाद गांवों में कहीं भी यह महसूस नहीं हो रहा है कि सावन चल रहा है। इस माह गांवों में खेलों की बहार होती थी गांव के आंगन शाम ढलते ही खेलों से गुलजार हो उठते थे। सर्रा, पकड़ कबड्डी, कबड्डी पिल्लारी, सिलोर डंडा, कंचा, भौंरा घूमाने की धूम मचाती आज का युवा इन सभी को खेल से अनजान है

## शीतला बक्श सिंह संस्थान द्वारा किया गया पौधरोपण अभियान



अमन लेखनी समाचार

मुंशीगंज भेंटुआ शीतला बक्श सिंह सामाजिक एवं सांस्कृतिक न्यास, घाटमपुर दुवारा, द्वारा संचालित सांस्कृतिक मूल्यों और पर्यावरणीय पुनरुत्थान को समर्पित संस्थान द्वारा बृहद बृछारोपण किया गया संस्थान के अध्यक्ष वरूण सिंह सहित सदस्यों ने हिस्सा लिया संस्थान के अध्यक्ष वरूण सिंह नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया।आगे कहा कि हरियाली बढ़ाकर ही पर्यावरण संकट से निपटा जा सकता है। 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य लोगों को पौधरोपण और पौधों की सुरक्षा से जोड़ना है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से बड़े शहरों में स्वच्छ हवा के संकट पर चिंता जताई। नीम जैसे औषधीय पौधों के फायदे बताए उत्साह से पौधरोपण में भाग लिया।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# राजकुमार राव का गैंगस्टर अवतार दमदार मास्टरपीस बनने से चूक गई मालिक

**मुंबई।** प्रयागराज की गलियों से निकली एक चिंगारी जब आग बनती है, तो वो सिर्फ रास्ते नहीं जलाती, कई जिंदगियां झुलसा देती है। मालिक ऐसी ही एक चिंगारी की कहानी है, जो न तो पूरी तरह अपराध की तरफ है, न ही सिस्टम से लड़ने वाली कोई महान आत्मा। यह कहानी है उस गुस्से, उस लाचारी की, जो धीरे-धीरे एक आम लड़के को मालिक बना देती है। फिल्म का सेंट्रल किरदार है दीपक, जिसे निभाया है राजकुमार राव ने। राजकुमार की परफॉर्मेंस फिल्म का सबसे ताक़तवर पक्ष है। उन्होंने अपने किरदार में जो टूटा हुआ आत्म-सम्मान, अंदर ही अंदर उबलता गुस्सा और धीरे-धीरे बढ़ती सत्ता की भूख दिखाई है, वो वाकई असर छोड़ती है। मालिक एक गंभीर कोशिश है, जो ईमानदार है, लेकिन अधूरी लगती है।

## लाइफ Style


# प्रियंका

## खाने के चॉइस को लेकर बटोर रही हैं सुर्खियां

ग्लोबल आइकन बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' में अपने एमआई6 एजेंट नोएल बिसेट वाले किरदार को लेकर चर्चा में हैं। प्रियंका ने एक्शन और ऐसा मारधाड़ मचाया है कि बॉलीवुड के टॉप एक्टर्स भी शरमा जाएं। पीसी अब बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड फैन्स तक के दिलों की धड़कनें बन चुकी हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हम यहां उनकी चर्चा इस फिल्म को लेकर नहीं करने जा रहे हैं, बल्कि वडा पाव की तौहीन को लेकर कर रहे हैं, जिसकी वजह से वो पब्लिक के निशाने पर हैं। हालांकि, एक्ट्रेस भी कहां चुप बैठने वालीं, दो टूक में करारा जवाब भी दे डाला है। प्रियंका चोपड़ा इस वक्त अपने खाने के चॉइस को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस ग्लोबल स्टार ने हाल ही में एक ऐसे को चुप करा दिया, जिन्होंने उनकी नई फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' के प्रीमियर पर वडा पाव की बजाय हॉट डॉग चुनने पर उनका मज़ाक उड़ाया था। दरअसल, एक्ट्रेस का एक क्लिप वायरल हो रहा था जिसमें प्रियंका चोपड़ा मुंबई के स्ट्रीट फूड और दुनिया के फेवरेट फूड में से किसी एक को चुनने में काफी समय लगा रही थीं, जिसे लेकर उनकी ऑनलाइन आलोचना होने लगी। अब प्रियंका चोपड़ा ने अपना वो क्लिप और उसके साथ करारा जवाब भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। इस वीडियो के साथ प्रियंका ने हंसते हुए इमोजी के साथ लिखा, 'वाह भाई! मुझे नहीं पता था कि देसी होने का भी कोई सिलेबस होता है। ये इतना सीरियस नहीं है। वड़ा पाव बनाम हॉट डॉग।' 'देसी गर्ल' के इस अंदाज ने फैन्स का दिल जीत लिया है और कइयों ने उन्हें सपोर्ट करते हुए कहा है कि किसी की पहचान खाने-पीने की चॉइस के आधार पर तय नहीं होती।



## हॉलीवुड मसाला




# सुपरमैन को मिले मिक्स रिएक्शन्स

**लॉस एंजिल्स।** सुपरहीरो फिल्मों के दीवानों के लिए 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है 'सुपरमैन'। जेम्स गन के निर्देशन में बनी ये हॉलीवुड फिल्म फैंस की उम्मीदों पर खरी उतरी? सोशल मीडिया पर आई प्रतिक्रियाएं बताती हैं कि मामला कुछ मिला-जुला रहा। डेविड कोरेन्सवेट, एलन ट्युडिक, ग्रेस चान, एंजेला साराफ्यान जैसे कलाकारों से सजी इस फिल्म को लेकर लोगों में काफी उत्साह था। गन के निर्देशन और डीसी स्टूडियोज के बैनर तले बनी इस फिल्म से उम्मीदें आसमान छू रही थीं, लेकिन फिल्म रिलीज होते ही दर्शकों की राय दो हिस्सों में बंट गई।



# पैरानॉर्मल एक्टिविटी है कम बजट में बड़ा चमत्कार

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी' ने एक करोड़ 70 लाख के बजट में 1600 करोड़ रुपए की कमाई की। यही नहीं, इस फिल्म को सात दिन के अंदर ही शूट कर लिया गया था। 2007 में रिलीज हुई हॉलीवुड की सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी', जिसने कम बजट में बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया था। इस फिल्म के राइटर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर ओरेन पेली हैं। 'पैरानॉर्मल ' का निर्माण सिर्फ 15,000 डॉलर (लगभग 12 लाख रुपए) में हुआ था। ओरेन पेली ने अपने घर में सात दिन में इसे शूट किया, जिसमें उन्होंने खुद निर्देशक, कैमरामैन, एडिटर और प्रोड्यूसर की भूमिका निभाई। 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी' को साधारण कैमरे से शूट किया गया। जिसने इसकी लागत को कम रखा। बाद में, स्टीवन स्पीलबर्ग के सुझाव पर नया अंत शूट करने और साउंड डिजाइन के लिए दो लाख डॉलर और खर्च हुए, जिससे कुल बजट 215,000 डॉलर (लगभग 1.84 करोड़ रुपए) हो गया।



# बॉर्डर 2 की शूटिंग को लेकर उत्साहित

**मुंबई।** सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी अपकमिंग फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आने वाले हैं। अभी इस फिल्म की शूटिंग हो रही है। ऐसे में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम के जरिए बताया है कि पुणे में इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। अहान शेट्टी वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ के साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। शुक्रवार को अहान शेट्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर बताया है कि उन्होंने पुणे में अपनी शूटिंग कंप्लीट कर ली है। अहान ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। इसके कैप्शन में लिखा है 'और क्या है यह बॉर्डर? बस एक फौजी और उसके भाई हैं। पुणे में यह कार्यक्रम समाप्त हुआ अब अगले कार्यक्रम पर चलते हैं।' इससे एक दिन पहले वरुण धवन ने भी बताया था कि पुणे में उन्होंने एनडीए की शूटिंग पूरी कर ली है।



# द पैराडाइज में हुई राघव जुयाल की एंट्री

**मुंबई।** नेचुरल स्टार नानी इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द पैराडाइज'की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं निर्माताओं ने बीटीएस वीडियो शेयर कर फिल्म 'किल से सभी दर्शकों का दिल जीत चुके राघव जुयाल के होने की भी पुष्टि कर दी है। राघव का किरदार गंभीर और दमदार है। इस वीडियो में उनकी मेहनत और उत्साह साफ दिखाई दे रहा है। इस वीडियो को देखकर यही लग रहा है की उनका किरदार काफी दमदार होने वाला है। फिल्म के निर्माताओं ने इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'द पैराडाइज- प्रतिभाशाली लोगों को शुभकामनाएं देता है। राघव जुयाल को जन्मदिन की बहुत बहुत शुभकामनाएं। एक ऐसे रोल में उनका स्वागत है, जो अनोखा होगा और सभी को आश्चर्यचकित कर देगा।' राघव, जो अपनी खास स्क्रीन मौजूदगी के लिए जाने जाते हैं।

## टीवी मसाला





# 11 अगस्त से शुरू होगा कौन बनेगा करोड़पति का नया सीजन

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति'में अमिताभ बच्चन एक बार फिर से प्रतियोगियों से सवाल-जवाब करते नजर आएंगे। 11 अगस्त से 'कौन बनेगा करोड़पति' का नया सीजन शुरू होगा। शो का एक प्रोमो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। सोनीटीवी ऑफिशियल के इंस्टाग्राम पेज पर शो 'कौन बनेगा करोड़पति का एक प्रोमो शेयर किया गया। जिसमें एक अमीर आदमी एक गरीब आदमी का मजाक बनता है। अपने कारपेट से पैर हटाने के लिए कहता है। इस पर वह आदमी जानकारी देता है कि यह कारपेट ऐसे मटीरियल का बना है, जो गंदा नहीं होता है। इसके बाद वह कहता है, 'हमारे भदौयी में भी कारपेट बनते हैं, आपको भेजते हैं और उस आदमी के हाथ में कुछ पैसे रख देता है।' फिर एंट्री होती है, अमिताभ बच्चन की, वह कहते हैं, 'अक्ल है तो अकड़ है।' आगे प्रोमो में अमिताभ बच्चन 'कौन बनेगा करोड़पति' के नए सीजन के टेलीकास्ट होने की तारीख बताते हैं। मगर यह बात वह विजय दीनानाथ चौहान के अंदाज में कहते हैं।

# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का उद्देश्य है प्रेरित करना

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने बताया कि, 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' वैश्विक स्तर पर पहुंच गया था, जिसने भारतीय कहानियों की परंपरा को पूरी दुनिया में पहुंचाया। ये सिर्फ एक डेली सोप नहीं था, बल्कि इसने घरेलू बलात्कार, वैवाहिक बलात्कार, उम्र को लेकर शर्मिंदा करने और इच्छा मृत्यु जैसे मुद्दों पर चर्चा को घर-घर तक पहुंचाया। यही थी इस कहानी की असली विरासत। आइए एक ऐसा शो बनाते हैं जो जरूरी सवाल उठाने से न डरे, जो बातचीत की शुरुआत करे और एक ऐसे दौर में अलग नजर आए, जहां विजुअल चमक-दमक सब कुछ बन चुका है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी अब लौट रहा है सीमित एपिसोड्स के साथ- अपने 25 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए। इसका उद्देश्य सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि प्रभाव छोड़ना, सोच को झिंझोड़ना और सबसे जरूरी-प्रेरित करना है। ढेर सारी मस्ती, उत्साह और दिल से जुड़ी भावनाओं के साथ।'



# शिल्पा और संजय केडी में एक साथ आएंगे नजर



**मुंबई।** कन्नड़ फिल्म 'केडी-द डेविल' का टीजर हाल ही में मुंबई में शानदार तरीके से लॉन्च किया गया। इस इवेंट के बाद से ही फिल्म को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। इसकी सबसे खास बात है संजय दत्त और शिल्पा शेट्टी की जोड़ी, जो एक लंबे अरसे बाद किसी फिल्म में एकसाथ नजर आने वाली है। दोनों ही सितारों के फैंस के लिए ये किसी ट्रीट से कम नहीं है। टीजर में दिखाया गया है कि संजय दत्त एक दमदार किरदार 'धाक देवा' के रूप में नजर आ रहे हैं और ध्रुव सर्जा 'केडी' की भूमिका में हैं। लेकिन शिल्पा शेट्टी का अंदाज भी कमाल का है। शिल्पा फिल्म में एक मजबूत और प्रभावशाली महिला किरदार निभा रही हैं, जो शायद कहानी का अहम मोड़ साबित हो। शिल्पा शेट्टी ने लंबे वक्त बाद किसी एक्शन ड्रामा फिल्म में वापसी की है और वो भी संजय दत्त जैसे मजबूत अभिनेता के साथ। उनकी इस फिल्म को लेकर फैंस में खासा उत्साह है। टीजर में भारी भरकम एक्शन सीन्स, जबरदस्त डायलॉग्स और 70 के दशक के पीरियड ड्रामा की झलक देखने को मिलती है। इसके साथ ही संगीत निर्देशक अर्जुन जन्या का म्यूजिक भी लोगों को पसंद आ रहा है। फिल्म के पहले दो गाने 'शिवा शिवा' और 'सेट्टगल्ला' को सोशल मीडिया पर जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म की कहानी दो किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो खून के रिश्ते से नहीं, बल्कि एक और गहरे बंधन से जुड़े हैं। ये सिर्फ एक एक्शन फिल्म नहीं बल्कि इमोशन, ड्रामा और रिवेंज की तगड़ी डोज का प्रॉमिस कर रही है। फिल्म का निर्देशन 'जोगी' फेम प्रेम ने किया है और इसमें ध्रुव सर्जा, संजय दत्त, शिल्पा शेट्टी, रीशमा नानैया, रमेश अरविंद, रविचंद्रन जैसे बड़े सितारे नजर आएंगे। लेकिन सबकी निगाहें टिकी हैं संजय दत्त और शिल्पा शेट्टी की जोड़ी पर, जिन्होंने पहले भी साथ काम कर दर्शकों का दिल जीता था। एक बार फिर ये जोड़ी पर्दे पर एक ही फिल्म में आ रही है।

# आंखों की गुस्ताखियां देखकर दर्शकों ने दी मिलीजुली प्रतिक्रिया



**मुंबई।** विक्रांत मैसी और शनाया कपूर की फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म के शुरुआती रिव्यू आने शुरू हो गए हैं। फिल्म का निर्देशन संतोष सिंह ने किया है। फिल्म की कहानी रस्किन बॉन्ड की लघु कहानी 'द आईज हैव इट' पर आधारित है। यह फिल्म लोगों को एक अलग ही अनुभव देगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने लिखा है 'सेंसर बोर्ड से पहला रिव्यू। शनाया कपूर की फिल्म में आपका स्वागत है। उनकी परफॉर्मेंस सबसे बुरी रही। यह एक बोरिंग रोमांटिक फिल्म है। निर्माता ने स्क्रिप्ट पर अपने पैसे बर्बाद कर दिए। इसे न देखें। विक्रांत मैसी भी अच्छे नहीं लग रहे हैं।' एक एक्स यूजर को फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' पसंद नहीं आई है। उन्होंने लिखा है 'मालिक और आंखों की गुस्ताखियां का रिव्यू औसत से कम है।' एक और एक्स यूजर ने लिखा है 'आंखों की गुस्ताखियां देखने में अच्छी है। विक्रांत मैसी ने अच्छा काम किया है। शनाया कपूर ने भी अच्छा काम किया है। उम्मीद है कि फिल्म अच्छी चलेगी।' फिल्म क्रिटीक कुलदीप गढ़वी ने फिल्म के बारे में लिखा है 'फिल्म ने न सिर्फ मेरे दिल को बल्कि मेरी आत्मा को भी छुआ है। यह एक दिल को छू लेने वाली कहानी है जो धीरे-धीरे खुलती है और आप पर गहरी छाप छोड़ती है। यह शनाया कपूर की पहली फिल्म है, और यह वाकई कमाल की शुरुआत है!

## आरपार, मिस्टर एंड मिसेज 55, प्यासा, नमक हलाल जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में आईं नजर

# दुख और कष्ट में बीता बचपन, बाद में बनीं बॉलीवुड की पहली कॉमेडी क्वीन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जब भी बॉलीवुड के मशहूर कॉमेडियन की बात होती है तो महमूद और जॉनी वॉकर से लेकर जॉनी लीवर, जूनियर महमूद और राजपाल यादव के नाम लिए जाते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि बॉलीवुड की पहली महिला कॉमेडियन कौन थीं? अभिनेत्री उमा देवी खत्री उर्फ टुनटुन वो शख्स हैं, जिन्हें बॉलीवुड की पहली महिला कॉमेडियन माना जाता है। टुनटुन कॉमेडी क्वीन के नाम से जानी जाती हैं। सिंगर-एक्टर उमा देवी उर्फ टुनटुन की 11 जुलाई को 102वीं जयंती थी। इस मौके पर जानते हैं कैसे शुरू हुआ उनका सफर।

अपनी एक्टिंग से लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने वाली टुनटुन का बचपन दुखों भरा रहा है। टुनटुन का जन्म उमा देवी खत्री के रूप में 11 जुलाई 1923 को अब उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में हुआ था। टुनटुन का बचपन बेहद मुश्किलों में गुजरा। उनके माता-पिता और भाई की हत्या जमीन विवाद में कर दी गई थी। अपनी मौत से दो दिन पहले टुनटुन ने एक इंटरव्यू में बताया था कि मैं नहीं जानती मेरे मां-बाप कैसे दिखते थे, क्योंकि जब मैं ढाई साल की थी तो वो गुजर चुके थे। मेरा 8-9 साल का भाई था, जिसका नाम हरी था। मुझे याद है हम अलीपुर में रहते थे। एक दिन मेरे भाई की भी हत्या कर दी गई, तब मैं चार-पांच साल की रही रहूंगी।



### ऐसे पड़ा टुनटुन नाम

टुनटुन का नाम उमा देवी से टुनटुन कैसे पड़ा इसके भी पीछे एक कहानी है। कुछ लोगों का कहना है ये नाम उन्हें उनके भारी वजन के कारण नौशाद ने दिया था। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि उमा देवी को टुनटुन नाम दिलीप कुमार ने दिया था। बाबुल फिल्म के एक सीन की शूटिंग के दौरान टुनटुन के गिर जाने पर दिलीप कुमार ने कहा कि कोई उठाओ इस टुनटन को। बस यहीं से उनका नाम टुनटुन पड़ा। फिलहाल नाम जैसे भी पड़ा हो, लेकिन बाद में ये नाम बॉलीवुड का सबसे चर्चित नाम बना। 24 नवंबर 2003 को टुनटुन का निधन हो गया।

### घर से भागकर पहुंचीं मुंबई

टुनटुन का बचपन से ही संगीत की तरफ झुकाव था। वो अक्सर रेडियो से गाने सुनकर उसका रियाज किया करती थीं। टुनटुन अक्सर काम के सिलसिले में दरियागंज में रहने वाले रिश्तेदार के घर जाया करती थीं। एक दिन वहां पर उनकी मुलाकात अख्तर अब्बास काजी से हुई। उन्होंने टुनटुन से वादा किया था वो उनकी मदद जरूर करेंगे। लेकिन, बाद में वो लाहौर चले गए। इसके बाद उनकी मुलाकात एक लड़की से हुई जो मुंबई के कई फिल्म वालों को जानती थी। एक दिन टुनटुन ने उनको ये बात बताई उन्हें गाने का बहुत शौक है, तो उन्होंने कहा कि तुम मेरे साथ मुंबई चलो। इसके बाद टुनटुन अपनी उस दोस्त के साथ भागकर मुंबई आ गईं। वहां पर दोस्त ने उनकी मुलाकात डायरेक्टर नितिन बोस के असिस्टेंट से कराई। नए शहर में जाने के बाद टुनटुन के पास रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं था, तो नितिन बोस के असिस्टेंट ने उन्हें अपने घर पर पनाह देदी।

### नौशाद ने ही दी फिल्मों में जाने की सलाह

बच्चे हो जाने के बाद टुनटुन काफी मोटी हो गई थीं। वो फिर से इंडस्ट्री में वापसी करना चाहती थीं। इसके लिए वो फिर नौशाद के पास पहुंचीं। लेकिन, नौशाद ने उनसे कहा कि अब लता मंगेशकर जैसे संगीत की शिक्षा लिए हुए लोग म्यूजिक में आ गए हैं। इसलिए अब यहां टिक पाना मुश्किल है। कहते हैं कि नौशाद ने ही टुनटुन को फिल्मों में एक्टिंग करने की सलाह दी थी। उन्होंने टुनटुन से कहा कि तुम्हारा वजन काफी बढ़ गया है। ऐसे में तुम्हें देखकर लोग हंसेंगे। तुम फिल्मों में एक्टिंग करो।

### दिलीप कुमार की फिल्म से किया एक्टिंग डेब्यू

नौशाद दिलीप कुमार के पास गए। दिलीप कुमार उस वक्त बाबुल फिल्म बना रहे थे। नौशाद ने उन्हें टुनटुन को लेने के लिए कहा, दिलीप साहब इस पर राजी हो गए। इस तरह टुनटुन ने 1950 में आई फिल्म बाबुल से अपना एक्टिंग डेब्यू किया। इसके बाद वो आरपार, मिस्टर एंड मिसेज 55, प्यासा, नमक हलाल जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में नजर आईं। देखते-देखते टुनटुन बॉलीवुड की कॉमेडी क्वीन बन गईं। ऐसा कहा जाता है कि टुनटुन ने 200 फिल्मों में काम किया है।